Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 38 | रविवार, 08 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

# अमित शाह बोले- मेक इन इंडिया और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**दोनों देशों ने शनिवार को द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा की**



नई दिल्ली।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को देश के तेज रफ्तार विकास इंजन को नया बल देने वाला कदम बताया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उन्होंने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में अहम है और इससे 'मेक इन इंडिया', किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई, स्टार्टअप इनोवेटर तथा मछुआरों को बड़ा लाभ मिलेगा, साथ ही युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। दोनों देशों ने शनिवार को द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा की। संयुक्त बयान के अनुसार, यह पहल फरवरी 2025 में शुरू हुई व्यापक वाताओं की निरंतरता है। समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और कई खाद्य-कृषि वस्तुओं पर शुल्क समाप्त या कम करेगा। समझौते के पहले हिस्से पर मध्य मार्च तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

### सूरजकुंड मेला हादसा

## पलभर में हंसी ठहाके बदल गए चीख पुकार में, अचानक से टूटा हैमर झूला



**फरीदाबाद**। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला में शनिवार शाम साढ़े छह बजे। मुख्य चौपाल के पीछे अलग-अलग देशों के कलाकार कार्निवल निकाल रहे हैं। युवाओं सहित अलग-अलग वर्ग के लोग इनके साथ थिरक रहे हैं। मेले की चौपाल पर मुख्य सांस्कृतिक संध्या की तैयारी हो रही। चौपाल पर गायक नवीन पुनिया की और स्टैंडअप कॉमेडियन अमित टंडन की प्रस्तुति होनी है। मेले में सुरक्षा प्रबंधों, अपने बच्चों व बुजुर्गों का ध्यान रखने की उद्घोषणा भी हो रही है। चूंकि छुट्टी का दिन है, इसलिए मेले में खूब भीड़ है। मेले में दिल्ली गेट की तरफ बना मनोरंजन पार्क में लगे झूले भी पूरी तरह से भरे हुए है। अलग-अलग झूलों में आनंद ले रहे लोग रोमांचित होकर हंसी और ठहाके लगा रहे हैं। हैमर झूले में भी करीब 30 सवारियां बैठी हुई है। इसको मनोरंजन पार्क का सबसे खतरनाक झूला माना जाता है।

## एप आधारित टैक्सी-ऑटो चालकों ने की हड़ताल



मुंबई।

एप आधारित टैक्सी और ऑटो चालकों ने शनिवार को महाराष्ट्र समेत देश के कई हिस्सों में एक दिन की हड़ताल कर सरकार का ध्यान अपनी मांगों की ओर खींचने की कोशिश की। हड़ताल के कारण ओला-उबर जैसे एग्रीगेटर प्लेटफार्म से जुड़ी अधिकांश गाड़ियां सड़कों से नदारद रहीं, जिससे यात्रियों को आंशिक परेशानी हुई और कुछ स्थानों पर किराए बढ़ने की शिकायतें भी सामने आईं। महाराष्ट्र कामगार सभा (एमकेएस) ने हड़ताल को सफल बताते हुए दावा किया कि 70-80 प्रतिशत चालक स्वतः शामिल हुए। यूनियन ने मनमानी किराया नीति, कथित अवैध बाइक टैक्सी संचालन, कमीशन दर, आय में गिरावट, ओपन परमिट से बढ़े ऑटो की संख्या और पैनिक बटन उपकरण पर लगभग 12 हजार रुपये के अतिरिक्त खर्च को प्रमुख मुद्दा बताया। दुर्घटनाओं में बीमा लाभ न मिलने की भी शिकायत की गई। राज्य परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने कहा कि आम जनता को असुविधा नहीं होनी चाहिए।

## तेलंगाना से गढ़चिरौली तक दहशत का अंत, मारा गया खूंखार माओवादी प्रभाकर



मुंबई।

दो दिन पहले महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में सुरक्षा बलों और माओवादियों की बीच हुई मुठभेड़ में 25 लाख के इनामी सीपीआई (माओवादी) नेता प्रभाकर राव उर्फ लोकेति चंदर राव का मारा जाना गढ़चिरौली में माओवाद के सफाये की दिशा में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। रवि, स्वामी और चंदर राव जैसे उपनामों से जाने जाने वाला 57 वर्षीय लोकेति चंदर राव तेलंगाना के कामारेड्डी जिले के इसरोजीवाड़ी गांव का रहने वाला था। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में प्रभाकर का दबदबा था। वह दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति (डीकेएसजेडसी) के पश्चिमी उप-क्षेत्रीय ब्यूरो का प्रभारी और कंपनी नंबर 10 का प्रभारी था। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पाल ने शनिवार को कहा कि हमने सबसे दुर्गम इलाकों में से एक में तीन दिन और तीन रात चले अभियान में प्रभाकर को मार गिराया है।

**इस अभियान में गढ़चिरौली पुलिस ने सात नक्सली कमांडरों और कैडरों को मार गिराया, जिन पर सामूहिक रूप से 71 लाख रुपए का इनाम था।**

## पीएम मोदी ने सदानंद मास्टर के राज्यसभा भाषण की सराहना की, कहा- पतित विचारधारा सिकुड़ गई



नई दिल्ली।

केरल की राजनीतिक हिंसा में अपने दोनों पैर गंवाने वाले नामित राज्यसभा सदस्य सी. सदानंद मास्टर के राज्य सभा में पहले भाषण की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की है। संसद में अपने कृत्रिम अंगों को सामने रखकर अपने साथ घटित भयावह घटना का उल्लेख करने वाले पूर्व शिक्षक सदानंद का मनोबल बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री ने उन्हें पत्र लिखा। हालांकि, इस घटना का आरोप वामपंथी कार्यकताओं पर है, लेकिन किसी दल का नाम लिए बिना पीएम ने लिखा- आज यह पतित विचारधारा काफी हद तक सिकुड़ गई है और आप गर्व से संसद में बैठे हैं। पत्र में पीएम मोदी ने लिखा, आपने अपने विचारों को शांत और आत्मविश्वास के साथ रखा। संसद में भले ही अपेक्षाकृत नए हों, लेकिन आप अपने साथ राष्ट्रप्रथम की विचारधारा के प्रति जीवनभर की सेवा और प्रतिबद्धता लेकर आए हैं। जब मैंने आपका भाषण सुना, तो मुझे आपके शब्दों में नैतिक शक्ति और दृढ़ विश्वास दिखा। केरल में आपके साहस की व्यापक रूप से चर्चा थी। याद रहे कि सदानंद मास्टर ने स्पष्ट आरोप लगाया था कि तीन दशक पहले माकपा कार्यकताओं के हमले में उनके पैर कट गए थे। इसका उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा, लोग यह पचा नहीं पा रहे थे कि हमारे जैसे जीवंत लोकतंत्र में मेहनती शिक्षक पर पतित विचारधारा (रेट्रोग्रेड आइडियोलाजी) के अनुयायियों द्वारा इस तरह हमला कैसे किया जा सकता है।

## अवैध अगरबत्ती पर सरकार का एक्शन, बिना लाइसेंस इस्तेमाल हो रहा था प्रतिबंधित डाइमेफ्लुथ्रिन




नई दिल्ली।

भारत में घरेलू कीटनाशकों के सुरक्षित इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाली गैर-लाभकारी संस्था, होम इंसेक्ट कंट्रोल एसोसिएशन (त्न्कउअ)ने मच्छर भगाने वाली अवैध अगरबत्ती कंफर्ट पर सरकारी अधिकारियोंकी कार्रवाई का स्वागत किया है। कंफर्ट मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती का विनिर्माण मेसर्स धूप छांव कंपनी करती है। खुले बाजार से इकट्ठा किए गए नमूनों से पुष्टि हुई है कि यह उत्पाद खुले-आम ग्राहकों को बेचा जा रहा था जबकि महाराष्ट्र कृषि विभाग की ओर से प्रयोगशाला में की गई जांच के दौरान कंफर्ट में डाइमेफ्लुथ्रिन,एक अवैध रसायन पाया गया जिसके उपयोग की मंजूरी कंपनी ने पास नहीं थी। बता दें कि कंफर्ट और स्लीपवेल अगरबत्ती पूरे भारत में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और अन्य जगहों पर बेची जाती हैं।

### केंद्रीय मंत्री पाटिल का बड़ा एलान

## पाकिस्तान नहीं जाएगा सिंधु का पानी, दिल्ली-हरियाणा-पंजाब को होगा सीधा लाभ



**जयपुर**। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल ने जयपुर में कहा कि सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान को नहीं दिया जाएगा। देश के जल संसाधनों का उपयोग पहले भारत के हित में किया जाएगा और इस दिशा में सरकार ठोस कदम उठा रही है। पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक कर देश के विभिन्न राज्यों को दिया जाएगा। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा आदि राज्यों को इस पानी का सीधा लाभ मिलेगा। पाटिल ने कहा कि पाकिस्तान जाने वाले पानी को डायवर्ट करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। फिलहाल सबसे कम पानी राजस्थान के पास है। लेकिन आने वाले समय में सबसे अधिक पानी राजस्थान के पास होगा। जल जीवन मिशन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि घर-घर पानी पहुंचाना राज्यों की जिम्मेदारी है। लेकिन केंद्र सरकार ने पहली बार इस योजना के तहत राज्यों को 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता दी है। इस मिशन से जुड़ी चार हजार से अधिक शिकायतें मिली हैं, जिनकी जांच के लिए 119 टीमें गठित की गई थी। दोषियों पर कार्रवाई भी की गई है जिनमें राजस्थान के एक पूर्व मंत्री भी शामिल हैं।

**दोनों दल सरकार को घेरते तो दिख रहे हैं, लेकिन उनके मुद्दे, प्राथमिकताएं एवं हंगामे के तरीके अलग-अलग दिशा में जाते दिख रहे हैं।**

## बिखरती नजर आ रही सदन में विपक्षी एकजुटता की तस्वीर



नई दिल्ली।

लोकसभा में सत्ता पक्ष के खिलाफ विपक्ष भले ही एक मंच पर खड़ा दिखाई दे, मगर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के एजेंडे और विरोध की शैली एक-दूसरे से मेल नहीं खा रही। दोनों दल सरकार को घेरते तो दिख रहे हैं, लेकिन उनके मुद्दे, प्राथमिकताएं एवं हंगामे के तरीके अलग-अलग दिशा में जाते दिख रहे हैं। जाहिर है, सदन के भीतर विपक्षी एकजुटता की तस्वीर बिखरती नजर आ रही है। कांग्रेस का मुख्य फोकस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने का अवसर न दिए जाने और विपक्ष की आवाज दबाए जाने के आरोपों पर केंद्रित है। पार्टी इस मुद्दे को लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं से जोड़ते हुए आक्रामक तेवर में विरोध जता रही है। इसके उलट सपा का जोर उत्तर प्रदेश से जुड़े मुद्दों पर है, विशेष रूप से वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर अहिल्या बाई होल्कर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले पर।

## संपादक की कलम से

# कैंसर इलाज मुफ्त क्यों नहीं?

कैंसर और मधुमेह (डायबिटीज) भारत में दोहरा, जानलेवा, गंभीर स्वास्थ्य संकट हैं। देश में 2025 तक मधुमेह पीड़ितों की अनुमानित संख्या 12.49 करोड़ है। करीब 8–18 फीसदी कैंसर रोगियों को मधुमेह भी होता है, लिहाजा टाइप–2 मधुमेह के कारण स्तन, कोलन, लिवर, पैंक्रियाज के कैंसर का जोखिम 20–30 फीसदी तक बढ़ जाता है। भारत में मुख कैंसर विश्व में सबसे अधिक है, क्योंकि भारतीय तंबाकू का सेवन बहुत करते हैं। फेफड़े, श्वास–नली, बड़ी आंत या मलाशय, पैंक्रियाज, स्तन आदि के कैंसर करीब 50 फीसदी मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। पहली बार बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को 1 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। कुल बजट 1,01,709 करोड़ रुपए का है, जिसे पांच साल में 42 फीसदी बढ़ाया गया है, लेकिन जीडीपी का जितना हिस्सा स्वास्थ्य और शिक्षा पर आवंटित किया जाना चाहिए, उतना बजट नहीं दिया जा रहा है। यह विडंबना और संकुचित सोच का नतीजा ही है। स्वास्थ्य का बजट अब भी 2 फीसदी से कम है, जो 147 करोड़ से अधिक की आबादी वाले देश के लिए ऊंट के मुंह में जीरा समान है। देश का औसतन 9वां नागरिक कैंसर–पीड़ित है।



**ललित शर्मा**
संपादक

अभी तक कैंसर लगभग लाइलाज है, क्योंकि देश में सुविधाएं और चिकित्सा पर्याप्त नहीं है। जहां इलाज उपलब्ध है, वहां लंबी प्रतीक्षा है, मशीनें खराब पड़ी रहती हैं, डाक्टर भी गायब रहते हैं, शोध का स्तर उथला है और अंततः इलाज बेहद महंगा है। राजधानी दिल्ली की नाक के तले ही कैंसर की नकली दवाइयां बनाई और बेची जा रही हैं। कुछ गिरोह पकड़े भी जाते हैं, लेकिन उनका कानूनी निष्कर्ष क्या होता है, कितना दंडनीय अपराध साबित होता है, उनका सार्वजनिक खुलासा नगण्य है। बहरहाल बजट में कैंसर, मधुमेह समेत 7 गंभीर बीमारियों की दवाएं सस्ती घोषित की गई हैं। बेशक कैंसर की दवाओं पर शुल्क घटने से इन दवाओं के आयात और वितरण से जुड़ी कंपनियों के मार्जिन में सुधार होगा। बजटीय आबंटन 10,000 करोड़ रुपए का सीधा लाभ उनको मिलेगा, जो बायोसिमिलर्स और शोध पर काम कर रही हैं। बॉयोकॉन, सन फार्मा, जायडस लाइफ साइंसेज को ये लाभ मिल सकते हैं। डा. रेड्डीज कैंसर की कई महत्त्वपूर्ण दवाओं के उत्पादन और वितरण में सक्रिय है। नेटको फार्मा की कैंसर दवाओं के पोर्टफोलियो में इसकी बड़ी पकड़ है। मौजूद सवाल यह है कि देश में कैंसर का इलाज मुफ्त क्यों नहीं किया जा सकता? अथवा जो अस्पताल कैंसर के इलाज के लिए चिह्नित किए जाएं, उनमें इतना अनुशासन और सख्ती की जानी चाहिए कि आम आदमी को कैंसर का इलाज 100 फीसदी सुनिश्चित किया जा सके। जब देश में मुफ्त की रेवडि ?ां बांटने की राजनीतिक संस्कृति पुख्ता हो चुकी है और इस आधार पर चुनाव जीते जा रहे हैं, तो कैंसर किसी की जिंदगी और मौत से जुड़ी बीमारी है। अमीर अर्थव्यवस्था वाला देश कैंसर का मुफ्त इलाज मुहैया क्यों नहीं करा सकता? किसानों की सम्मान राशि के लिए बजट में 65,000 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है, तो कैंसर–पीड़ितों के लिए बजटीय प्रावधान क्यों नहीं किया जा सकता? देश में दवाओं का इतना संकट नहीं है, बल्कि अस्पताल और डाक्टरों की उपलब्धता बहुत कम है। हास्यास्पद् है कि बजट में मेडिकल पर्यटन की खूब गालबजाई की गई है। राजधानी दिल्ली में ही प्रति लाख आबादी पर अस्पताल मात्र 0.52 है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और मणिपुर में प्रति लाख आबादी पर औसतन एक अस्पताल नहीं है। सबसे कम डाक्टर नगालैंड, मिजोरम, झारखंड, छत्तीसगढ़ और बिहार में उपलब्ध हैं।

**मोनिका डागा**

**प्राणों का मधुमास**

**कविता**



धीरे–धीरे समझ रही हूँ अब मैं हर एक श्वास,
बसा है जिनमें ₹आनंद₹ प्राणों का मधुमास ।

जन्म जन्मांतर की यात्रा अभी तक रही अधूरी,
गति दे रहा है परमात्मा ढूँढ रही हूँ मैं कस्तूरी,
शनै: शनै: स्वीकार रही हूँ मैं नए–नए परिवर्तन,
श्वासें ही श्रृंगारित सुरभित कर रही मेरा जीवन,
आ रहा है इस मार्ग पर चलना अब मुझे रास,
धीरे–धीरे समझ रही हूँ अब मैं हर एक श्वास ।

छुपा है इनमें ही हर एक समस्या का समाधान,
अब तक थी भ्रमित मैं इस चमक से अंजान,
बाहर देख रही जो आनंद वो तो था अपूर्ण,
बसा भीतर अनंत सागर बना सके जो संपूर्ण,
समान रूप दिया सबको प्रभु ने खजाना खास,
धीरे–धीरे समझ रही हूँ अब मैं हर एक श्वास ।

मौन का जादू और विचारों पर लगा हुआ विराम,
जैसे प्रभु की गोदी में सिर रख कर रही मैं आराम,
नहीं सताता अब भय ना रहा कोई भी अवसाद,
अद्भुत है परमेश्वर का दिया हुआ ये अमृत प्रसाद,
सब कुछ है मेरे भीतर हो गया मुझे यह विश्वास,
धीरे–धीरे समझ रही हूँ अब मैं हर एक श्वास ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# ट्रंप-मोदी के आपसी रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने के द्विपक्षीय व वैश्विक मायने



ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि अमेरिका-भारत-यूरोपीय संघ यानी जी-7 प्रभुत्व वाले प्रेम त्रिकोण और भारत-रूस-चीन यानी ब्रिक्स देश वाले प्रेम त्रिकोण के बीच भारत कब, कैसे और कितना गुटनिरपेक्ष संतुलन बना पाएगा, अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार रख पाएगा? क्योंकि सब कुछ इन्हीं द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बातों-मुलाकातों पर निर्भर करेगा।दुनिया के दो बड़े लोकतंत्र और पहली-चौथी अर्थव्यवस्था वाले देश अमेरिका व भारत में पुनः प्रेम के पींगे परवान चढ़ने शुरू हो गए। तमाम अंतर्राष्ट्रीय व द्विपक्षीय विरोधाभासों के बीच पारस्परिक सहयोग के विभिन्न जटिल पहलुओं पर जो रजामंदी दिखाई गई और फिर यह तय हुआ कि 'धीरे धीरे प्यार को बढ़ाना है, हद से गुजर जाना है!' जिसके अपने वैश्विक निहितार्थ हैं। शायद इसी हद पर 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'सर्वे भवंतु सुखिनः' की गारंटी निर्भर है। ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि अमेरिका-भारत-यूरोपीय संघ यानी जी-7 प्रभुत्व वाले प्रेम त्रिकोण और भारत-रूस-चीन यानी ब्रिक्स देश वाले प्रेम त्रिकोण के बीच भारत कब, कैसे और कितना गुटनिरपेक्ष संतुलन बना पाएगा, अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार रख पाएगा? क्योंकि सब कुछ इन्हीं द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बातों-मुलाकातों पर निर्भर करेगा।

इसलिए कूटनीतिक हल्के में इस बात की आशंका अभी से ही जताई जा रही है कि आखिर अमेरिका कब तक अपने इस परिवर्तित स्टैंड पर कायम रहा पाएगा? क्या भारत को हांकने या फंसाने की उसकी फितरत बदल पाएगी? और यदि नहीं तो फिर नए भारत की उस पर क्या सधी प्रतिक्रिया होगी? जैसा कि भारत ने रणनीतिक ट्रेलर अमेरिका को दिखा भी दिया है जिसकी वजह से बिगड़ैल ट्रंफ 9 महीने बाद ही सही पर पुनः काबू में आए हैं। ऐसा इसलिए कि भारत के पास द्विपक्षीय विकल्पों की कमी नहीं है!

इस प्रकार देखा जाए तो डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी के बीच के संबंध जो साल 2025 की गर्मियों में व्यापारिक तनाव, रूस से भारत के भरोसेमंद संबंधों और टैरिफ पर टैरिफ युद्ध के कारण ठंडे पड़ गए थे, अब फरवरी 2026 आते आते गर्म होने लगे हैं। अब इनके बीच का वासंतिक प्रेम पुनः जाग गया है और आर्थिक रुमानियत और रणनीतिक अठखेल पुनः परवान चढ़ने के संकेत मिलने लगे हैं।

जहां तक मोदी-ट्रंफ के बीच के तनाव के मुख्य कारणों की बात है तो 2025 में ट्रंप ने भारत के निर्यात पर 50% तक टैरिफ बढ़ा दिए, खासकर टेक्सटाइल, ऑटो पार्ट्स और जेम्स पर, जिससे द्विपक्षीय व्यापार वार्ता रुक गई। समझा जाता है कि भारत का रूस से तेल और हथियार खरीदना अमेरिका को पसंद नहीं आया, जबकि पाकिस्तान के प्रति ट्रंप का नरम रुख भी विवादास्पद रहा। वहीं, चुनावी राजनीति और ₹अमेरिका फर्स्ट₹ नीति ने व्यक्तिगत रसायन को प्रभावित किया।

और अब जब मोदी-ट्रंप के आपसी रिश्ते पर जमी बर्फ के पिघलने की प्रक्रिया की बात हुई तो बताया गया कि ट्रंप ने सितंबर 2025 में ही मोदी की तारीफ की और रिश्तों को ₹खास₹ बताया, जिसका मोदी ने सोशल मीडिया पर जवाब भी दिया। भारत की ₹चुप्पी कूटनीति₹ और एससीओ (रउड) जैसे मंचों पर मजबूत स्थिति और भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) ट्रेड डील ने अमेरिका को भारत की अहमियत समझाई। लिहाजा, फरवरी 2026 में ही ट्रंप की मोदी से फोन कॉल ने जमी बर्फ को पूरी तरह पिघला दिया, जिससे ट्रेड डील की राह आसान हुई।

कहना न होगा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील में टैरिफ विवाद फरवरी 2026 में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की फोन वार्ता से सुलझा। अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 25% से घटाकर 18% कर दिया, जबकि भारत ने रूसी तेल खरीद बंद करने और अमेरिकी उत्पादों पर जीरो टैरिफ का वादा किया। इस समझौते की मुख्य शर्तें इस प्रकार हैं- ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर घोषणा की कि मोदी के अनुरोध पर तत्काल प्रभाव से रेसिप्रोकल टैरिफ कम किया गया। रूस से तेल आयात रोकना, अमेरिका/वेनेजुएला से अधिक खरीद, और नॉन-टैरिफ बैरियर्स हटाना प्रमुख रियायतें रहीं। कुल टैरिफ 50% से घटकर 18% हो गया, जिसमें रूसी तेल से जुड़ा 25% दंड समाप्त हुआ।

जहां तक इनको सुलझाने की प्रक्रिया की बात है तो बेहद लंबी वाताओं के बाद (अगस्त 2025 से जनवरी 2026 तक) फोन कॉल ने अंतिम मुहर लगाई। भारत ने कृषि, डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्र बचाए, जबकि अमेरिका को व्यापार घाटा कम करने का लाभ मिला। यह द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाने का रास्ता साफ करता है।

इस प्रकार ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ (खासकर रूसी तेल खरीदने के कारण) अब पूरी तरह हटाए लिए गए हैं, क्योंकि हालिया टेलीफोनिक वाताओं से सकारात्मक प्रगति हुई है। सितंबर 2025 में भारत-अमेरिका के बीच 7 घंटे की बैठक के बाद चचाएं तेज हुईं, जहां 25% अतिरिक्त टैरिफ हटाने पर सहमति बनी। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने कहा कि 8-10 हफ्तों में विवाद सुलझ सकता है, जिसमें रेसिप्रोकल टैरिफ भी घटेंगे।

इसलिए फरवरी 2026 तक ट्रंप-मोदी फोन कॉल ने गति दी, लेकिन पूर्ण समाधान रउड जैसे मंचों पर निर्भर है। फिर भी चुनौतियां अभी बाकी हैं। 50% टैरिफ स्टील, एल्यूमीनियम, टेक्सटाइल पर अभी प्रभावी हैं, हालांकि निर्यात में 20% वृद्धि हुई। अमेरिकी सांसदों ने इन्हें खत्म करने की मांग की, लेकिन ट्रंप की ₹अमेरिका फर्स्ट₹ नीति बाधा बनी हुई है।

इस प्रकार भारत अमेरिका डील के द्विपक्षीय मायने स्पष्ट हैं। भारत और अमेरिका के बीच हालिया डीलें, विशेष रूप से रक्षा और व्यापार समझौते, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण हैं। ये डीलें रणनीतिक साझेदारी को गहरा करती हैं, भले ही टैरिफ जैसे विवाद बने रहें। खासकर रक्षा समझौते का अपना महत्व हैं। भारत-अमेरिका ने 10 साल के रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 2015 की रणनीतिक साझेदारी पर आधारित है। यह क्षेत्रीय स्थिरता, सूचना साझाकरण और हिंद-प्रशांत में चुनौतियों (जैसे चीन का प्रभाव) का सामना करने के लिए आधारशिला बनेगा। टैरिफ तनाव के बावजूद रक्षा सहयोग बढ़ रहा है।

जहां तक व्यापार डील की प्रगति की बात है तो दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखते हैं, जिसमें हाल ही में ट्रंप ने भारत पर टैरिफ 25% से घटाकर 18% किया। जबकि, दूध, कृषि और डेटा स्थानीयकरण जैसे मुद्दों पर बातचीत जारी है, लेकिन रेसिप्रोकल टैरिफ और ॠरढ लाभ बहाली चुनौतियां बनी हुई हैं। पहला चरण सितंबर-अक्टूबर 2025 तक पूरा करने की कोशिश थी।

इन बातों का द्विपक्षीय प्रभाव यह पड़ेगा कि ये डीलें आर्थिक निर्यात बढ़ावा, रोजगार सृजन और रक्षा तकनीक हस्तांतरण लाएंगी। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं में दोनों देशों का अभिसरण मजबूत होगा, हालांकि टैरिफ और बाजार पहुंच पर असहमति बनी रहेगी। कुल मिलाकर, ये संबंधों को स्थिरता प्रदान करेंगे।

# बिगड़ते रिश्ते नातों की जड़ @ मिस अंडरस्टैंडिंग मिस कम्युनिकेशन व कम्युनिकेशन गैप

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में भारत ही एक ऐसा देश है जहां रिश्तोंनातों की बहुत गहराई से कद्र होती है, जो कि आदि अनादि काल से ही भारत की मिट्टी में समाया हुआ है, इसलिए जो मानव भारत की मिट्टी पर पैदा हुआ है उसमें प्राकृतिक रूप से उसके मन में रिश्ते नातों, संबंधों की कद्र करना समा जाता है, परंतु समय का तकाजा है, उसके चकरे के घूमने से कई चीजें न केवल बदल जाती है, बल्कि व्यक्ति विशेष का स्वभाव, अंदाज, आदत तो छोड़ो लेकिन उसके जीवन की दिनचर्या ही बदल जाती है जिसमें उसके रिश्ते नाते संबंधों में दरार आने लगती है, जिससे वह व्यक्ति खुशीयों की खूबसूरत लकीर से हटकर अकेलापन और दुख की ओर चल पड़ता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि इसका सबसे मजबूत कारण मिस अंडरस्टैंडिंग मिस कम्युनिकेशन व कम्युनिकेशन गैप है, चूंकि सामने वाला व्यक्ति, कहना कुछ चाहता है, हम समझते कुछ हैं, और हो कुछ और जाता है इसलिए सबसे पहले हमें उस अंडरस्टैंडिंग के अंदाज को समझने की जरूरत है, जिस लहजे में हमसे बोला जा रहा है, अगर हम यह तकनीक सीख गए तो मेरा पूरा विश्वास है हमारे रिश्ते नाते हमेशा दूर-दूर तक साधारण वह मजबूत रहेंगे। अवस्था में रहेंगे और हमें खुशियां मिलेगी क्योंकि खुशियों के लिए हमारे द्वारा बनाए संबंधों रिश्तो नातों को मजबूत स्वस्थ और खुशहाल बनाना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे रिश्तो के बिना जीवन बेकार है रिश्तो पर ध्यान देने की जरूरत है, खुशियों के खूबसूरत रिश्तों नातों को तोड़ने में गलतफहमी संवादहीनता व नांसमझी की मुख्य भूमिका हैं।खुशहाल रिश्तों नातों को मजबूत करने नजरअंदाजी झुकना व समर्पण का भाव होना अत्यंत जरूरी हैं। साथियों बात अगर हम अपने जीवन में रिश्तों नातों को निभाने की करें तो, व्यक्ति के जीवन में उसका परिवार, दोस्त और रिलेटिव सबसे ज्यादा करीब होते हैं।रिश्ता चाहें जो भी हो, उसे निभाने के लिए कई जरूरी बातों का ख्याल रखना होता है। परिवार में हर व्यक्ति की सोच और स्वभाव एक दूसरे से अलग होती है, लेकिन फिर भी सभी घर में एक दूसरे के साथ बैलेंस बनाकर चलते हैं।कई बार व्यवहार बिल्कुल अलग होने और सोच एक दूसरे से न मिलने के कारण रिश्ते खराब हो जाते हैं और कई बार टूट भी सकते हैं, ऐसा कोई नहीं चाहता कि उनका रिश्ता उनके करीबियों से खराब हो जाए या टूट जाए, इसलिए अपने किसी भी रिश्ते में लापरवाही या नासमझी नहीं करनी चाहए। रिश्तो को खुशहाल रखने के लिए इन बातों को रेखांकित करना जरूरी है। (1) इज्जत और सम्मान करें-रिश्ता चाहें माता पिता से हो या दोस्तों से हो, उसकी मयार्दा को हमेशा याद रखना चाहिए, कोई भी रिश्ता बिना सम्मान के ज्यादा दिन नहीं टिक पाता है अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए एक दूसरे की इज्जत करना बेहद जरूरी है।



**गोदियां**

(2) भरोसा करें और ईमानदार रहें-दुनियां के हर रिश्ते की नींव भरोसे पर टिकी होती है। भरोसा कमजोर पड़ते ही सालों पुराने और खून के रिश्ते भी टूट जाते हैं, इसीलिए हमको अपने किसी भी रिश्ते में बेवजह शक नहीं करना चाहिए और अपनों का भरोसा कभी नहीं तोड़ना चाहिए। (3) इन चीजों को करने से बचेंरोक-टोक ना करें-हर समय की रोक-टोक किसी भी व्यक्ति को परेशान कर सकती है और वे आपसे धीरे धीरे दूर हो सकते हैं, इसीलिए बेवजह बात बात पर रोक टोक ना करें और सामने वाले को उनका पूरा समय देने की कोशिश करें। (4) मिसकॉम्युनिकेशन से बचें-किसी भी रिश्ते में कम्युनिकेशन गैप आने से रिश्ते खराब हो जाते हैं, इस स्थिति से बचने के लिए मन में कोई बात ना रखें और खुलकर बात करें और दूसरो को भी अपने मन की बात कहने का मौका दें। साथियों बात अगर हम रिश्ते खराब होने के कारणों की करें तो, जब जब किसी रिश्ते के बीच में मैं का भाव आ जाता है तो है रिश्ता खराब होना निश्चित होता है, उसरिश्ते को तब तक नहीं बचाया जा सकता जब तक की मैं का भाव मिटा न दिया जाए।और यह हमारी आपसी तालमेल पर ही निर्भर करता है कभी हम अपनी गलती माने, कभी सामने वाला अपनी गलती माने, इसी प्रकार से जिंदगी खुशी पूर्वक चलती रहती है। परंतु यदि हम यह सोच कर बैठ जाएंगे कि हम तो गल्ती करते ही नहीं, तो फिर रिश्ता निभाना मुश्किल हो जाएगा। कई बार हमको उस बात के लिए भी सामने वाले से माफी मांग लेनी चाहिए, जिसमें कि हमारा कोई दोष नहीं है, क्योंकि कभी-कभी यह समय की आवश्यकता होती है और बाद में सही समय पर उस व्यक्ति को उसकी गलती का एहसास दिलाया जा सकता है।परंतु यदि अभी लड़ाई चल रही है और हम भी अपनी बात पर अड़ गए, तो फिर विवाद का अंत होना संभव ही नहीं है, विवाद बढ़ता ही चला जाएगा और यह स्थिति हमारे जीवन में अशांति और क्लेश घर कर जाएगा। एक सफल रिश्ते की दूसरी सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है, विश्वास और एक दूसरे पर भरोसा, इसे कभी भी नहीं टूटने देना चाहिए, क्योंकि यदि एक बार किसी का भरोसा आप पर से उठ गया, तो यकीन मानिए फिर दोबारा से उस व्यक्ति को भरोसे में ला पाना असंभव ही होता है वह हमेशा हमें शक की दृष्टि से ही देखेगा। यदि एक बार हमारे जीवन में शक नामक घुन लग गया तो यकीन मानिए फिर वह हमको तबाह करके ही छोड़ता है। पुरानी कहावत है लव रिक्वायर्स टोलरेंस।इसका सीधा अर्थ है प्यार में नजर अंन्दाजी यानि झुकना जरुरी है।यानि अगर झुकोगे नहीं, तो टूट जाओगे( रिश्ता खत्म)।तलाक के 90 प्रतिशत मामले अकड़ का नतीजा होते हैं। दोनों में से कोई भी झुकने को तैयार नहीं होता। इसलिए रिश्ता टूट जाता है।गलती हुई है, तो सॉरी बोलिए।बात को खत्म करिये।नजर अन्दाज करने की आदत डालिये।छोटी सी गलती को तूल देना अच्छा नहीं!अगर रिश्ता पति पत्नी का है, तो न कोई छोटा है, न कोई बड़ा ।टोकरी शहतूत के पेड़ की टहनी से इसलिए बनती है कि उसमें लचक होती है।वह मोड़ने पर टूटती नहीं ।यानि जो व्यक्ति झुकना नहीं जानता, वह टूट जाता है। इसलिए रिश्ता जिन्दा रखना है, तो झुकना सीखें वरना, एक दिन राख के ढेर में यादों को तलाशते रहजाएंगे।रिश्तों में एक दूसरे को स्पेस देना बहुत जरूरी है। क्योंकि जब तक हम उनसे दूर नहीं जाएंगे वो आपकी कमी को कभी महसूस नहीं कर पाएंगे।और अगर रिश्तों को बेहतर बनाने की सोच से हम नजदीकियां बढ़ाएगे तो कहीं उलटा ही ना हो जाए, क्योंकि ज्यादा मिठास भी शुगर कर देती है, हाहाहा... ।इसलिए थोड़ी दूरियां बनाइये ताकि हमारी कमी उन्हें महसूस हो, हमको याद करने का उन्हें अवसर दे। साथियों बात अगर हम रिश्तो को जोड़े रखने की टिप्स को समझने की करें तो, रिश्तो को जोड़े रखने के लिए कभी अंधा कभी बहरा तो कभी गूंगा होना पड़ता है ?जी हां! यह रिश्ते को ही नहीं आज अपने घर में भी हर बुजुर्ग को बच्चों के साथ रहना, खाना है, तो यह करना चाहिए। यह उपाय हमको हर समस्या से बचाए रखता है।(1) समझदारी-रिश्तों को मजबूती से जोड़ने के लिए समझदारी बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे आप दूसरों की भावनाओं को समझ सकते हैं।(2) संवाद कौशल-सही संवाद कौशल रखना रिश्तों को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है, जिससे समस्याओं का समाधान हो सकता है।(3)समर्पण-रिश्तों को टिकाऊ बनाए रखने के लिए समर्पण बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे आप एक दूसरे के साथ खुशियों और दुःखों का हिस्सा बन सकते हैं। (4) सहमति और समर्थन-रिश्तों में सहमति और समर्थन देना जरूरी है ताकि हर कदम पर आप एक दूसरे के साथ हों। (5) आपसी आत्मविश्वासरिश्तों को मजबूत रखने के लिए आपसी आत्मविश्वास महत्वपूर्ण है, ताकि आप खुद को और दूसरों कोसमझ सकें।जो लोग रिश्तो के प्रतिवफादार नहीं होते, और उनकी मयार्दा नहीं समझते या उनकी कीमत नहीं समझते, ऐसे लोग अपने रिश्तो को आसानी से तोड़ देते हैं।रिश्ते तोड़ते समय उनके मन में जरा सा भी संकोच या शर्म महसूस नहीं होती क्योंकि ऐसे लोग शर्म और संकोच से परे होते हैं, वह जानते ही नहीं है कि, शर्म, मयार्दा और संकोच क्या कहलाता है ? ऐसे व्यक्तियों से यदि रिश्ता टूट जाता है तो दुख नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह व्यक्ति आगे जाकर हमें और ज्यादा परेशान करते हैं।हमें यदि

# राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर में स्वच्छता के प्रति जागरूक करती छात्राएं

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**नूरपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रथम एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वयंसेवी छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश दिया। छात्राओं ने ग्राम फीना में घर-घर जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से अपील की कि अपने घर के आसपास स्वच्छता का ध्यान रखें। गंदगी होने से अनेक प्रकार की बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए अपने आसपास गंदगी नहीं होने दें। स्वच्छता रैली राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष कुमार वर्मा तथा डॉ दलीप कुमार के नेतृत्व में निकाली गई। इससे पूर्व कॉलेज में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भूगोल विभाग की प्रवक्ता डॉ शिवाली राजपूत ने कहा कि स्वयंसेवी समाज में फैली हुई कुरीतियों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करें। तथा स्वच्छता के प्रति प्रचार -प्रसार करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के सहायक कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार ने भी स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास से परिचित कराया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं से समाज सेवा को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यक्रमों में भाग लेने से छात्र के व्यक्तित्व का विकास होता है। छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना मिल का पत्थर साबित होगी। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक व प्रमुख समाजसेवी अशोक कुमार शास्त्री, कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा, डॉ वरुण कुमार, राकेश चौहान, प्रशांत चौधरी, रुक्मिणी देवी, ललित शर्मा, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ आरपी सिंह, गौरव कुमार, प्रदीप राजपूत, नीशु देवल, छाया राजपूत, शनि चौहान, सुषैन बाबू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# वेद मंदिर चांदपुर में एक सभा का अयोजन किया गया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर।** वेद मंदिर चांदपुर में एक सभा का अयोजन किया गया। जिसमें वैदिक कन्या गुरुकुल नवलपुर बिजनौर के प्रबंधक आर्य सुशील कुमार त्यागी को एक दिन ?की सभा का अध्यक्ष चुना गया। सभा के अयोजन का कार्य रमेश आर्य सैदंवार ने किया। रमेश आर्य ने आवाहन किया कि पूरे जिले में घर-घर यज्ञ का कार्य किया जाये जिससे समाज में कुर्तियो को समाप्त किया जाये, सभा में 35 व्यक्ति उपस्थित हुए सभी ने रमेश आर्य के विचार धारा का समर्थन किया, सभी व्यक्तियों ने अपने विचार प्रकट किये। आज के अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। अगली सभा का रमेश के विचारों का मूल रूप होने का प्रस्ताव पारित किया। जो व्यक्ति अपने यहाँ या अपने जानने वालों के यज्ञ चाहता है तो समिति निशुल्क यज्ञ करायेगी। अंत में जल पान की व्यवस्था वेद मंदिर चांदपुर की ओर से रही। उन सभी का बहुत बहुत आभार है। कार्यक्रम में प्रकाश चंद, डॉ अरविंद, भूपेंद्र आर्य, राजपाल, महेश सिंह, डी पी सिंह, मेघराज आदि उपस्थित रहे।

## फादरसन पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ Blessing ceremony का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण भावुक, प्रेरणादायक एवं उत्साह से भरा रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं ईश्वर वंदना से हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया।

शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और भावनात्मक क्षण देखने को मिले।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किए गए। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना और उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया।

# उत्तर प्रदेश मानव अधिकार आयोग के सदस्यों द्वारा आयुक्त सभागार में संगोष्ठी आयोजित हुआ

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**



**आगरा:-** उत्तर प्रदेश मानव अधिकार आयोग, लखनऊ के माननीय सदस्य न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा एवं माननीय सदस्य बृजभूषण द्वारा आयुक्त सभागार में आगरा मंडल के लंबित मामलों की सुनवाई की गई।

इस अवसर पर आयोग की बेंच द्वारा एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों की शिकायतों पर चर्चा की गई तथा आमजन को उनके मानव अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए माननीय सदस्यों ने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि आयोग को प्रतिदिन झोलाछाप डॉक्टरों से संबंधित बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त होती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी शिकायतों पर तत्काल ऋकफ दर्ज होनी चाहिए, न कि आरोपी को भागने का मौका मिलना चाहिए। इसी प्रकार, बिजली विभाग से जुड़ी शिकायतों में उपभोक्ताओं के बिल न भरा होने पर मीटर काट दिए जाते हैं, लेकिन उन्हें सही जानकारी या वैकल्पिक उपाय नहीं बताए जाते। ऐसे में उपभोक्ता परेशान हो जाते हैं। पुलिस विभाग में भी अक्सर यह सुनने को मिलता है कि ?यह मेरे क्षेत्र का मामला नहीं है?। अधिकारियों को कम से कम शिकायत को पढ़कर सही दिशा-निर्देश देना चाहिए कि पीड़ित कहां जाएं। सबसे अधिक शिकायतें लेबर विभाग से आ रही हैं, जहां श्रमिकों के अधिकारों का हनन आम है।इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी व अस्वच्छता की समस्या पर भी प्रकाश डाला गया। गांवों में सीवर लाइन टूटने से गंदगी फैल जाती है, लेकिन जांच पर पता चलता है कि कोई दबंग व्यक्ति नाली निकासी की अनुमति नहीं देता। ऐसे मामलों में पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई आवश्यक है ताकि आमजन को राहत मिल सके।

उन्होंने कहा मानवीय अधिकारों का हनन न हो माननीय सदस्यों ने शिकायत दर्ज करने के सरल तरीकों के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति आयोग की शिकायत पोर्टल, ट्विटर या अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से, अथवा स्वयं आयोग कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कर सकता है। महत्वपूर्ण यह है कि मामला पहले से कोर्ट में लंबित न हो। साथ ही, उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों, ताकि छोटी-मोटी समस्याओं को समय पर हल किया जा सके।

# सहारनपुर नवांगत एसएसपी अभिनंदन ने किए मां शाकंभरी देवी के दर्शन



**वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी**

सहारनपुर नवांगतुक वरिष्ट पुलिस अधीक्षक अभिनंदन कुमार ने पदभार संभालने से पहले प्रथम पूज्य बाबा भूरादेव के दर्शन किये तत्पश्चात माँ शाकुम्भरी सिद्ध पीठ पहुंचकर आशीर्वाद ग्रहण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिनंदन कुमार बस्ती से सीधे शाकुम्भरी देवी को पहुंचे है। इस दौरान सीओ बेहट के साथ साथ थाना मिजार्पुर प्रभारी सूबे सिंह,चौकी प्रभारी संजय कुमार हेड का गौरव भाटी व प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

# अंश डबास की कामयाबी का सफर जारी



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

बिजनौर जनपद बिजनौर की चांदपुर तहसील क्षेत्र के गांव शादीपुर मिलक निवासी संजीव डबास व नूतन डबास के पुत्र अंश डवास ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में दो फरवरी से 14 फरवरी तक आयोजित की जा रही एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर राइफल के जूनियर वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 247.5 अंक प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया जबकि प्रतियोगिता का स्वर्ण व कांस्य पदक भी हिमांशु 250.8 अंक, नारायण प्रणब विनिता सुरेश 226.8 अंक के साथ भारतीय शूटर्स के नाम रहे। अंश डवास ने एक बार फिर पदक जीत कर अपने गांव,जनपद और प्रदेश का नाम रोशन किया है।इससे पूर्व अंश पिछले वर्ष अगस्त में कजाकिस्तान में आयोजित एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में यूथ कैटेगरी में दो गोल्ड व एक कांस्य पदक जीत जनपद बिजनौर का नाम रोशन कर चुका है। प्रतियोगिता में 20 देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं । वर्तमान में अंश डबास का प्रशिक्षण इंटरनेशनल शूटिंग रेंज न्यू दिल्ली दीक्षांत जाधव इंटरनेशनल कोच के संरक्षण में चल रहा है। शूटिंग की बारिकियां जनपद बिजनौर के शूटिंग कोच आकाश कुमार द्वारा सिखाई गई हैं और अभी भी उनका मार्गदर्शन मिल रहा है। अंश डबास ने यह साबित कर दिया की मेहनत और लगन कभी बेकार नहीं जाती। गांव वाले भी हर्षित हैं। गांव में मिठाई खिलाकर परिवार को बधाइयां दी जा रही है। प्रधान सतेन्द्र सिंह, तेजेन्द्र सिंह भूतपूर्व प्रधान मुनेश सिंह, कामेन्द्र सिंह, रामेंद्र सिंह, आशीष सिंह, तुकवान सिंह सोनू ढाका सिंह मुन्नू सिंह शुभ डबास, बंस डबास, तेजस्वी डबास, अंशिका डबास , राहुल डबास, मनीत ढाका कब्बड्डी कोच, नवीन ढाका, श्रीपाल सिंह, तेजपाल सिंह, योगेश शर्मा आदि ने घर जाकर शुभकामनाएं प्रेषित की। जनपद से भी शुभकामनाएं मिलनी शुरू हो गई हैं। विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी, संरक्षक डा सुबोध चन्द्र शर्मा, रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, जिला व्यायाम शिक्षक अरविन्द अहलावत, खाटू प्रेम चैनल के विनय तितोरिया, दैनिक वेलकम इंडिया समाचार पत्र के जिला प्रभारी बिजनौर नितिन शर्मा द्वारा कामयाबी की खुशी व्यक्त करते हुए बधाइयां दी हैं।

दैनिक वेलकम इंडिया परिवार अंश डबास को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# कंटेनर एवं बाइक में टक्कर हो गई जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के नजीबाबाद नगर के हरिद्वार मार्ग पर स्थित मालन नदी के समीप कंटेनर एवं बाइक में टक्कर हो गई जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक युवक को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवाया गया। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई शनिवार की दोपहर को हरिद्वार मार्ग पर स्थित मारन नदी के समीप कंटेनर एवं बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से ग्राम अलीपुरा निवासी तीन युवक जॉनी पुत्र रामकिशन, सौरभ पुत्र वीर सिंह एवं अवनीश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर जॉनी पुत्र रामकिशन 23 वर्षीय निवासी ग्राम अलीपुरा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवाया गया और घायल युवकों इलाज के लिए रेफर किया गया। कंटेनर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बताया कि कंटेनर मुरादाबाद से चलकर उत्तराखंड बहादराबाद जा रहा था। रास्ते में मालन नदी के पुल के समीप तीन बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम अलीपुरा प्रधान आसिफ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है, जबकि कंटेनर का चालक घटना के बाद घटनास्थल से भाग निकला। जॉनी की मौत से परिवार व गांव में शोक की लहर दौड़ गई परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के मेधावी छात्र - छात्राओं को किया गया सम्मानित

**असदुल्लाह सिद्दीकी**




**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** कस्बा स्थित भारत इंस्टीच्यूट ऑफ कंप्यूटर एंड टेक्नोलॉजी के तरफ से शनिवार को सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सफल होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि युवा भाजपा नेता जय वर्धन तिवारी व वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया।

सम्मान समारोह से पूर्व कालेज के छात्र - छात्राओं ने सरस्वती वंदना , स्वागत गीत व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा से सभी अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता, विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय, भाजपा युवा नेता जय वर्धन तिवारी, चौकी प्रभारी अमित कुमार शाही, सुधीर त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी संजय सिंह, प्रभात जयसवाल, सपा नेता सुरेश पांडेय, पप्पू पांडेय, शांतनु मिश्रा , उमाकांत गुप्ता, गोपेश दूबे, रघुनंदन कुमार, चंद्र प्रकाश गुप्ता, मौलाना हमीदुल्लाह नदवी, बैजनाथ गुप्ता द्वारा प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र संदीप चौधरी को साइकिल, द्वितीय स्थान पर विशाल गुप्ता व नबी जहान को स्टैंड पंखा, तृतीय स्थान पर शुभम तिवारी व मानवी श्रीवास्तव को इलेक्ट्रानिक प्रेस और जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान हासिल करने वाले सत्यम गुप्ता को कूलर , द्वितीय स्थान पर मानवी गुप्ता को स्टैंड पंखा व तृतीय स्थान पर विशाल को इलेक्ट्रानिक प्रेस व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नजीबाबाद भाजपा नेता ने फीता काट कर किया व्यावसायिक प्रतिष्ठान का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर नजीबाबाद हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर महर्षि दयानंद विकलांग आश्रम मुस्सेपुर के सामने चौधरी आदेश कुमार द्वारा ?खाना पानी? भोजनालय रेस्टोरेंट की स्थापना की है जिसका शुभारंभ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह नजीबाबाद चीनी मिल के संचालक एडवोकेट राघव प्रताप सिंह, भाजपा नेता अनुज चौधरी, रविंद्र सिंह देशवाल, अध्यक्ष पत्रकार संघ चौधरी वीर सिंह, सुनील त्यागी,मा नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया इस अवसर पर पंडित मानपुर ने विधि विधान से पूजा अर्चना, यज्ञ हवन संपन्न कराया यज्ञ हवन के उपरांत अतिथियों ने नारियल तोड़कर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह एवं उपस्थित सभी क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों ने प्रतिष्ठा के स्वामी एवं संचालकों से आग्रह किया कि वह प्रतिष्ठान में गुणवत्ता, साफ, सफाई एवं आने वाले ग्राहकों को अच्छी व सस्ती सुविधाएं उपलब्ध करायें क्योंकि इस क्षेत्र में ग्राहक की संतुष्टि ही सबसे महत्वपूर्ण है चौधरी आदेश कुमार ने आश्वत किया कि आने वाले ग्राहकों के मान सम्मान एवं उच्च कोटि की खाद्य सामग्री एवं प्रमाणित वस्तुओं खाद्य पदार्थ का उपयोग ही करेंगे इस अवसर पर श्रीमती राजबाला देवी, चौधरी ईशम सिंह, एडवोकेट राघव प्रताप सिंह, चौधरी वीर सिंह, चौधरी रवींद्र देशवाल, डॉ चरण सिंह, अनुप चौधरी, डॉ मनुज चौधरी, करणवीर सिंह, मोहित चौहान, सूर्याशु उपाध्याय, संदीप उपाध्याय, राजवीर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, सोनू भाटी,गौतम आर्य, राकेश कुमार, महेश कुमार, वीर सिंह, आदित्य वीर, अमृता सिंह,सुनीता चौधरी, निशा रानी, मंजू चौधरी, कुणाल बालियान, रुद्र प्रताप सिंह, अंशिका चौधरी, जिया चौधरी, अक्षत जाट, रोहित कुमार,नरेश कुमार, अरविन्द कुमार, बबलू प्रजापति, जाहिद हुसैन, विनय भाग लिया सभी ने नवीन प्रतिष्ठान के लिए चौधरी आदेश कुमार व रोहित कुमार को शुभकामनाएं प्रेषित की चौधरी आदेश कुमार ने सभी अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का आभार प्रकट किया।

# थाना खंदौली में ऑपरेशन कन्विक्शन:लूट के आरोपी को 6 वर्ष 1 माह की सजा, 15 हजार रुपए का जुमार्ना

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**



विवेचक विजय कुमार सिंह बेहतरीन कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं,इनके कार्यकाल में अपराधी क्षेत्र से पलायन कर जाते हैं आगरा - पुलिस कमिश्नरेट आगरा के थाना खंदौली में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत वादी श्री शेष शुक्ला के घर पर हथियारबंद अज्ञात बदमाशों द्वारा घर में घुसकर वादी व अन्य परिजनों को धमकाते हुए लूट करने के मामले में अभियुक्त श्रीभगवान उर्फ राहुल पुत्र विद्याराम निवासी पलुआपुरा थाना निबोहरा आगरा को माननीय न्यायालय द्वारा 06 वर्ष 01 माह के कारावास व ?15,000 के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियुक्त द्वारा दिनांक 03.01.2019 को वादी के घर में घुसकर वादी व अन्य परिजनों को धमकाते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने तत्काल धारा 395 भादवि में मुकदमा पंजीकृत किया और अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया माल बरामद किया। माननीय न्यायालय ने गवाहों की गवाही और वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को दोषी ठहराया।

# दारुल हुदा जूनियर हाई स्कूल की साइंस प्रदर्शनी में उभरी नन्हे वैज्ञानिकों की प्रतिभा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर स्योहारा।** दारुल हुदा जूनियर हाई स्कूल में आयोजित वार्षिक साइंस प्रतियोगिता, साइंस क्राफ्ट एवं आर्ट एग्जीबिशन शिक्षा और विज्ञान के संगम का उत्कृष्ट उदाहरण बनी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय परिसर में यह भव्य आयोजन सफलता के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स में विज्ञान की उपयोगिता, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत, स्वच्छता, मानव जीवन में विज्ञान की भूमिका जैसे विषयों को बेहद सरल और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल और प्रोजेक्ट्स की व्याख्या अंग्रेजी भाषा में आत्मविश्वास के साथ की, जिसे देखकर उपस्थित अतिथिगण अभिभूत हो गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने बच्चों की एग्जीबिशन का गहन अवलोकन किया और बच्चों की प्रतिभा को खुलकर सहारा देते हुए उनकी वैज्ञानिक सोच, प्रस्तुति शैली और आत्मविश्वास की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की साइंस एग्जीबिशन बच्चों के भीतर छिपे वैज्ञानिक को बाहर लाने का सबसे सशक्त माध्यम है और यही बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य तय करेंगे। विद्यालय मे चेयरमैन फैसल वारसी ने भी बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि दारुल हुदा स्कूल का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें विज्ञान, संस्कार और आधुनिक सोच से लैस करना है। उन्होंने शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को मंच देकर उनकी प्रतिभा को सहारा देना ही विद्यालय की प्राथमिकता है। इस अवसर पर मास्टर गजेंद्र, संदीप त्यागी सहित अन्य अतिथियों ने भी प्रदर्शनी की सराहना की और कहा कि इतनी कम उम्र में बच्चों का विज्ञान के प्रति झुकाव और अंग्रेजी में प्रस्तुति देना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। प्रदर्शनी को देखने पहुंचे पत्रकारों, अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों ने आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। अंत में विद्यालय अध्यक्ष एवं प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। यह साइंस एग्जीबिशन बच्चों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मजबूत करने वाली साबित हुई।




# उपेड़ा में घर के पास संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी




**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम उपेड़ा में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। राह से निकल रहे लोगों ने शव को देखकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस के अनुसार 26 वर्षीय एक युवक का शव उसके घर के पास ही संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतक की पहचान सोनू के रूप में हुई है, जिसके बारे में बताया जा रहा है कि वह शराब पीने का आदी था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुँचकर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीण युवक की मौत को लेकर तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं, वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह अत्यधिक शराब के सेवन से हुई सामान्य मृत्यु है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

# सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सचदेवा

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी।** सपनों को मिला मंच, हुनर को मिली पहचान, विजयता सच्चदेवा के संग चमके बारह नन्हे सितारे महान। वाराणसी की धरती पर एक ख़्वाब सजा, जहाँ बच्चों के सपनों ने नया आसमां पाया। ग्लैमर भी था, समाज का भी था मान, विजयता सच्चदेवा ने रचा एक नया इतिहास महान। बारह नन्हे सितारे, एक ही मंच की शान, कैलेंडर के पन्नों पर लिखी गई पहचान। जिन्हें दुनिया ने देखा नई नजरों के साथ, उनकी मुस्कान में छुपा था उज्ज्वल भविष्य का साथ। सोनाली और अनुष्का बने इस शाम की रोशनी, सम्मान के साथ बढ़ी आयोजन की खूबसूरती। तालियों की गूंज में एक संदेश साफ उभरा, जब हौसले मिलें मंच से, तो हर सपना निखरा। सात दिन की मेहनत, विश्वास की एक डोर, मॉडलिंग की राह में सिखाया आत्मबल का शोर। शाइनिंग स्टार बनकर बच्चों ने ये कहा, मौका मिले तो हर बच्चा इतिहास रच सकता है यहाँ। विजयता की सोच में बसता है एक अरमान, हर बच्चा बने आत्मनिर्भर, बने समाज की पहचान। आज ये बच्चे हैं कल के रहनुमा, जो रोशन करेंगे आने वाला हर एक जमाना।

# हापुड़ तहसील में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**




हापुड़ जनपद की तहसील हापुड़ समाधान दिवस में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 04 का मौके पर जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस के दौरान अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की एस आई आर कार्य में जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी हुई है वह उसे कार्य को समबद्धता के अंतर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें, निर्वाचन आयोग द्वारा आपत्ति की समय सीमा बढ़ाकर 6 मार्च 2026 तक कर दी है। उन्होंने तहसील दिवस में आए लोगों से यह भी अपील की कि आर टी ई के अंतर्गत बच्चों के एडमिशन हेतु ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं इसमें अधिक से अधिक लोग आवेदन कर योजना का लाभ ले। इस मौके पर, उप जिलाधिकारी हापुड़, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नींद की झपकी से कार बिजली के पोल से टकराई, चालक गंभीर

**वेलकम इंडिया**




**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** कांधला-जसाला मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गुरुग्राम से हरिद्वार की ओर जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। बताया जा रहा है कि वाहन चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन सड़क किनारे क्षतिग्रस्त हालत में खड़ा नजर आया। हादसे में कार चालक चंद्रशेखर पुत्र सरोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला बताया जा रहा है, जो वर्तमान में गुरुग्राम में रहकर निजी कार्य करता है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल आपातकालीन सेवा 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल चालक को प्राथमिक उपचार देने के बाद कांधला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है। अस्पताल में भर्ती घायल चंद्रशेखर ने बताया कि वह अपनी निजी कार से गुरुग्राम से हरिद्वार की यात्रा पर निकला था। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान अचानक उसे नींद की झपकी आ गई, जिससे वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे बिजली के पोल से जा टकराई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दे दी गई है। सूचना

# गैंगस्टर एक्ट में दो अपराधियों को 2-2 वर्ष की सजा

**बुलन्दशहर।** विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट) चंद्रविजय श्रीनेत ने दीपक उर्फ आलू पुत्र किशन लाल एवं दीपू पुत्र गुड्डू निवासी नसरुल्लाह खा, थाना खुर्जा नगर को दोषी ठहराते हुए 2–2 वर्ष के कारावास तथा ?5–5 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार के अनुसार अभियुक्त अवैध गैंग बनाकर मकान व दुकानों के ताले तोड़कर चोरी जैसी घटनाएं करते थे। थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद न्यायालय ने सजा सुनाई।

# महाशिवरात्रि पर असमिया वैभव में सजेगा शिव गौरा का दिव्य स्वरूप

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी:-** देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी में महाशिवरात्रि का पर्व जैसे-जैसे समीप आता जा रहा है वैसे-वैसे शिव विवाह की सदियों पुरानी परंपराओं को लेकर तैयारियां अपने चरम पर पहुंच गई हैं टेढ़ीनीम स्थित विश्वनाथ मंदिर के महंत आवास पर बाबा विश्वनाथ की हल्दी, शिव विवाह, शिव बारात और गौना की रस्मों को लेकर माहौल भक्तिमय हो उठा है इस वर्ष महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ और माता गौरा का श्रृंगार विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहेगा क्योंकि पहली बार शिव गौरा की चल प्रतिमा असमिया पारंपरिक परिधान और आभूषणों में सजेगी विश्वनाथ मंदिर के महंत वाचस्पति तिवारी ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ और माता गौरा को जो परिधान धारण कराए जाएंगे वे असम के ऐतिहासिक नगर शिवसागर से विशेष रूप से मंगाए गए हैं यह श्रृंगार न केवल परिधान की दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक संदेश के रूप में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है इसके माध्यम से काशी और असम की प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिलेगा महंत वाचस्पति तिवारी के अनुसार बाबा विश्वनाथ की चल प्रतिमा को असमिया पुरुष परिधान ह्यचेलेंग और गसोमाह्न धारण कराया जाएगा पारंपरिक रूप से यह परिधान असम की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक माना जाता है इस परिधान में बाबा का स्वरूप अत्यंत राजसी और दिव्य दिखाई देगा जो शिव विवाह की गरिमा को और भी भव्य बनाएगा।

# भाजपा की प्रेस वार्ता कैशलेस चिकित्सा सुविधा पर

**वेलकम इंडिया**




**बुलंदशहर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बुलंदशहर में प्रदेश के बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, विशेष शिक्षक (उहरठ) तथा अन्य शिक्षाकर्मियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदान की गई कैशलेस चिकित्सा सुविधा के संबंध में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शिक्षक एमएलसी एवं मुख्य अतिथि चंद शर्मा ने कहा कि यह योजना शिक्षकों के सम्मान, सुरक्षा और स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़े कार्मिकों और उनके आश्रित परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रति कार्मिक 3000 रुपये वार्षिक प्रीमियम के आधार पर लगभग 15 लाख लाभार्थियों के लिए करीब 400 करोड़ रुपये का वार्षिक व्यय प्रदेश सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना का क्रियान्वयन स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज के माध्यम से किया जाएगा। यह सुविधा राजकीय अस्पतालों तथा साचिस से संबद्ध निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगी, जहां उपचार की दरें प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार होंगी। इससे शिक्षक बिना आर्थिक चिंता के बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और शिक्षक राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं। उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा से शिक्षकों को बड़ा संबल मिलेगा और उनका मनोबल बढ़ेगा।

# चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत स्थित मदरसा जामिया बदरुल उलूम के खेल मैदान में जमियत यूथ क्लब के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता मरहूम हजरत मौलाना कामिल साहब की याद में आयोजित की गई, जिनका जीवन समाज में शिक्षा, भाईचारे और नौजवानों को सही दिशा देने के लिए समर्पित रहा। उनके विचारों और सेवाभाव को याद करते हुए आयोजनकताओं ने खेल के माध्यम से आपसी सौहार्द और अनुशासन का संदेश दिया। प्रतियोगिता में बिजनौर, लखीमपुर खीरी, मुजफ्फरनगर, बागपत, शामली और मेवात जिलों की मजबूत टीमों ने हिस्सा लिया। शनिवार को हुए मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेवात और शामली की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें शामली की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मैच में शामली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 163 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेवात की टीम शामली के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 113 रनों पर सिमट गई। प्रतियोगिता में शामली की टीम विजेता बनी। शामली टीम की कप्तानी मौलाना तनवीर ने की, जबकि मेवात टीम के कप्तान जकरिया रहे। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए गढ़ी दौलत निवासी तनवीर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटककर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी।

# एम .आई .पब्लिक स्कूल में छात्र एवं छात्राओं के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह

**असदुल्लाह सिद्दीकी**




**खुनियांव/सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र खुनियांव अन्तर्गत बनगाई स्थित एम.आई. पब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार को 10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं को विदाई दी गई। वहीं 9वीं और 11वीं के बच्चों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रबंधक एम. के. शेख ने कहा कि सभी बच्चों को अपने जीवन में एक लक्ष्य को निर्धारित करके आगे बढ़ना चाहिए। उपप्रबंधक साजिद शेख ने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वह सभी छात्र-छात्राओं को आगे के भविष्य के लिए तैयार करें। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविता यादव ने कहा कि छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा हासिल कर आगे बढने की जरूरत है। युवाओं की बेहतरी के लिए सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है और इसका लाभ भी युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शिक्षा को अपनी प्राथमिकता में शामिल करने की सलाह दी। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, विदाई गीत, जैसे सांस्कतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस दौरान एम.आई. पब्लिक स्कूल की उपप्रधानाध्यापिका प्रतीक्षा पाण्डेय सहित विद्यालय के शिक्षक राम सरन, समसूलहुदा, राहुल, हेमंत, अवधेश मौर्या, दिनेश बौद्ध, अजय, शिक्षिका अमीषा, सबा, सुमन एवं विद्यालय सहयोगी उबेद खान, मखदूम बक्श, रहमतुल्लाह, सूरज शर्मा, शिवकुमार रावत, रंजीत आदि लोग उपस्थित रहे।

# रंजिश में युवक से बेल्ट व लात-घूंसों से मारपीट

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में आपसी रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। गांव निवासी इरशाद ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही नदीम पुत्र खुर्शीद और उसके परिवार के लोगों से उनके परिवार की पुरानी रंजिश चली आ रही है।

आरोप है कि इसी रंजिश के चलते नदीम ने अपने कई साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के पुत्र इसरार के साथ बेरहमी से मारपीट की। हमलावरों ने इसरार को बेल्टों और लात-घूंसों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। घटना के बाद परिजन घायल इसरार को उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गए, जहां उसका डाक्टरी परीक्षण कराया गया। इसके उपरांत पीड़ित इरशाद ने थाने पर पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रामघाट गंगा नगरी में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया**



**रामघाट/ बुलंदशहर/** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर अलीगढ़ मथुरा आदि अन्य स्थलों से तहसील डिबाई के अंतर्गत ग्राम रामघाट पर गंगा घाट से लाखों की संख्या में श्रद्धालु जल भरकर ले जाते हैं। शनिवार को जिलाधिकारी श्रुति ने रामघाट गंगा घाट पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं के द्वारा जल भरकर ले जाने हेतु की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए विभागवार की जाने वाली व्यवस्थाओं की तैयारियों के बारे में जानकारी हासिल की। बताया गया कि रामघाट के गंगा घाट पर अलीगढ़,अतरौली, मथुरा सहित अन्य स्थलों से लाखों की संख्या में जल भरने हेतु कांवड़िए आते हैं। घाट पर आने जाने हेतु अलग अलग पुल है जिन पर दोनों तरफ को बेरिकेटिंग कर सुरक्षित कराए जाने के निर्देश दिए गए। रूट प्लान के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि वाहनों के लिए चिह्नित पार्किंग में ही वाहनों को खड़ा कराया जाए। पार्किंग स्थल पर प्रकाश आदि व्यवस्था समय से कर ली जाए। रूट प्लान बनाक उसके अनुसार वाहनों को डायवर्ट कराए। डायवर्ट वाले स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र बनाकर लोगों की समस्या का निराकरण किया जाए। आने जाने वाले मार्गो पर संकेतक भी लगाए जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि मेला में निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जाए। बैकअप के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी कराएं। मेले में विद्युत सुरक्षा के दृष्टिकोण से सड़क किनारे, घाट पर विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर को कवर कराये जाने, अतिरिक्त टांसफार्मर की व्यवस्था, जर्जर तारो की मरम्मत करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिये।

गंगा घाट से गंगा का बहाव दूसरी ओर होने से श्रद्धालु सुरक्षित जल भर सके इसके लिए मजबूत बैरिकेटिंग कराई जाए।

## मासूम के साथ दरिंदगी, आरोपी बाल सुधार गृह भेजा

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव में 12 वर्षीय बालक ने ढाई वर्षीय मासूम के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में ढाई वर्षीय मासूम घर के बाहर खेल रहा था। आरोप है कि पड़ोस के ही 12 वर्षीय बालक ने मासूम को टोफी दिलाने के बहाने सुनसान जगह ले जाकर मासूम के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया।मासूम ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। पीड़ित परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर मासूम का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी बालक को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

# गांव गढ़ी दौलत में दबंगों ने गंदे नाले को किया बंद, घरों में भरा पानी

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी दबंगों के द्वारा नाले को बंद कर दिए जाने से बस्ती में पानी भर जाने से ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पति के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए समाधान दिवस के साथ उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव गढ़ी दौलत के ग्रामीणों ने बताया कि उनका मकान नटों वाली बस्ती के समीप है, जहां पर 95 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, तथा पांच प्रतिशत हिन्दू लोगों के घर है, गांव के ही इमरान ने उनकी यहां से गुजर रहे बरसाती पानी के नाले को मिट्टी डालकर बंद कर दिया है, जिससे पूरी बस्ती में पानी भर गया है। ग्रामीणों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। गांव के ही धर्मपाल, राजकुमार, राजपाल, संजय, इरशाद, सोनू, पप्पू, सोनबीर, करेशो आदि का आरोप है कि गांव निवासी इमरान पुत्र अशरफ ने जेसीबी द्वारा मिट्टी डालकर नाले को बंद कर दिया। जब ग्रामीणों ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों को कि ओर मौके पर जांच के लिए लेखपाल व एडीओ पंचायत जांच के लिए पहुंचे तो ग्राम प्रधान पति राशिद जंग उन्हें बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए और ग्राम प्रधान ने मुस्लिम समाज के होने के नाते उनकी कोई भी बात नही मानी, उच्चाधिकारियों के हस्ताक्षेप के बाद नाले को खुलवा दिया गया था, किन्तु कुछ समय बाद ही इमरान ने फिर से नाले को बंद कर दिया है। अगर पीड़ित उसका विरोध करते है तो वह गाली गलौच कर मारपीट करने पर उतारू हो जाता है। पीडितों ने मामले में हस्ताक्षेप कर नाले को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुस्लिम समुदाय के लोग उन्हें प्रताड़ित कर उन्हें गांव छोड़ने पर मजबूर कर रहे है ओर वर्तमान में वह नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर है।

## संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया

बुलंदशहर स्याना तहसील में इस वर्ष का तीसरा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम रविन्द्र प्रताप सिंह ने की आपको बता दें कि प्रत्येक महिने के पहले और तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाता है,राजस्व विभाग विद्युत विभाग से जुडे फरियादियों की संख्या अधिक रही एसडीएम रविन्द्र प्रताप सिंह ने समस्याओ से सम्बंधित अधिकारियो को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण के आदेश दिए,तहसील दिवस में 20 शिकायते आयी जिनमे से चार शिकायतो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।सीओ स्याना रामकरन सिंह तहसीलदार अजय कुमार सहित दोनों नायब तहसीलदार तीनों ब्लाक के अधिकारी,चारो थानों से सम्बंधित अधिकारी राजस्व विद्युत विभाग खाद्य एंव रसद विभाग पीडब्लूडी,वन विभाग, सिचाई आदि विभागों संबंधित अधिकारी मौजूद रहे,तहसील दिवस के दौरान सीडीओ निशा ग्रेवाल भी तहसील दिवस पहुंची और साथ ही तहसील परिसर,कम्पूटर रूम,अभिलेख सभागार एवं वकीलो के आग्रह पर महिला वाशरूम का भी निरीक्षण किया और कुछ निर्देश भी दिये,सीडीओ निशा ग्रेवाल ब्लाक भी पहुंची साथ ही कंप्यूटर रूम,प्रधानमन्त्री ग्रामीण आवास रूम आदि का भी निरीक्षण किया और बीडीओ मोहक सिंह को जरूरी दिशा निर्देश भी दिये।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन गंभीर



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र में मेरठ-बदांयू हाईवे पर शनिवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखचे उड़ गए और मोटरसाइकिल सवार तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सामने जा रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए शिकारपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने तीनों युवकों की हालत गंभीर बताई। स्थिति नाजुक होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे में घायल युवकों की पहचान थाना छतारी क्षेत्र के गांव हुसैनपुरा निवासी दीपक पुत्र जसवंत उम्र करीब 32 वर्ष, सर्वेश पत्नी दीपक उम्र 30 वर्ष व उमेश पुत्र दीपक उम्र करीब 8 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। वहीं, फरार कार चालक की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मण्डलायुक्त और डीआईजी ने सडक दुर्घटनाओं के बारे मे ली समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के संबंध में मण्डलायुक्त नगेन्द्र प्रताप और पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा मांट टोल प्लाजा पर यमुना एक्प्रेसवे अथॉरिटी और मथुरा जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली गयी। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ पंकज कुमार वर्मा, एसपी यातायात मनोज कुमार, क्षेत्राधिकारी मांट संदीप सिंह सहित यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी के अधिकारी मौजूद रहे।

यमुना एक्प्रेसवे पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा के दौरान मण्डल आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि आगरा-नोएडा एक्प्रेसवे पर दौड़ने वाले भारी वाहनों के परमिट की वैधता की जांच की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन वाहनों का परमिट नहीं है, उन वाहनों को एक्सप्रेसवे से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाए। साथ ही टोल पर स्कैनर और वाहन परमिट डाटाबेस संबंधित सॉफ्टवेयर इन्सटाल किया जाए, जिससे कोई बिना परमिट वाला वाहन टोल से गुजरे तो सॉफ्टवेयर पर अलर्ट अलार्म आ जाए, ताकि उस पर एक्शन लिया जा सके। एक्सप्रेस-वे के एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर गाइडलाइंस व हेल्पलाइन नंबर का विवरण लिखे तथा बड़े साइनेज बोर्ड लगाएं जाएं। बैठक में अवगत कराया गया कि एक्सप्रेसवे के किनारे बने फूड हब प्वाइंट पर भारी वाहनों के ज्यादा सख्या में खड़े होने की समुचित जगह उपलब्ध नहीं है। जिसपर मंडलायुक्त ने निर्देश दिए गये कि एक्सप्रेसवे के किनारे स्थान चिन्हित करते हुए बस-ट्रक ले बाए बनाये जाए एवं उन्हें पीपीपी मोड पर संचालन कराये जाने की व्यवस्था बनायी जाए। एक्सप्रेस-वे पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़ने हेतु कैटर कैचर वाहनों का लगातार मूवमेंट करते हुए आवारा पशुओं को पकड़ा जाए। एक्सप्रेस-वे के किनारे लगे तार फेंसिंग की पूरी जांच कर ली जाए। कटी - टूटी फेंसिंग को दुरुस्त किया जाए। पूरे यमुना एक्सप्रेसवे को सीसीटीवी कैमरे से आच्छादित किए जाने के निर्देश दिए। पुलिस उप महानिरीक्षक ने यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी द्वारा की जाने वाली प्रवर्तन कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ओवरलोड और ओवरस्पीड वाहनों के विरुद्ध जुमार्ना सहित कड़ी कार्रवाई की जाए। इमरजेंसी एग्जिट प्वाइंट को क्रियाशील बनाया जाए। डबल डैकर, स्लीपर बसें मानकों के अनुसार हों, मानकों के विपरीत चलने वाली बसों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही अमल में लायी जाए।

# 50 करोड़ की नशीली दवाओं के साथ 7 तस्कर गिरफ्तार

**एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा में फैले अंतर्राज्यीय ड्रग कार्टेल का पदार्फाश किया है। इस संयुक्त ऑपरेशन में पुलिस ने 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 48 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, बरामद नशीले पदार्थों में भारी मात्रा में ट्रामाडोल और अल्प्राजोलाम शामिल है, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 50 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। यह ड्रग नेटवर्क स्थानीय स्तर के तस्करों से लेकर अंतर्राज्यीय सप्लायर्स तक फैला हुआ था, जिसे इस कार्रवाई के बाद पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है। यह सफल ऑपरेशन निरीक्षक नितेश कुमार के नेतृत्व में अंजाम दिया गया, जिसे एसीपी सतेंद्र मोहन का मार्गदर्शन एवं डीसीपी श्री संजीव कुमार यादव का समग्र पर्यवेक्षण प्राप्त रहा। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर एक के बाद एक कार्रवाई कर पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ते हुए आरोपियों को दबोचा।

# जन कल्याण कर रहा कल्याणं करोति

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** कष्ट में भगवान याद आते हैं और चिकित्सक भगवान के रूप में मरीज का कष्ट हरते हैं। कल्याणं करोति मरीजों के कल्याण का काम कर रही है। कमजोर की मदद करके जो संतुष्टि मिलती है वह अवर्णनीय है।

यह विचार श्री गिर्राज फाइल्स प्रा.लि. वृन्दावन द्वारा शोभित अरोड़ा के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन अवसर पर जचौंदा स्थित कल्याणं करोति नेत्र संस्थान में अतिथि वक्ताओं ने रखे।

गोवर्धन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा अधीक्षिका डा. नेहा चौधरी ने कहा साधनहीन की किसी भी रूप में मदद सच्ची सेवा है। इस दिशा में कल्याणं करोति गोवर्धन क्षेत्र और जनपद का नाम अन्य जनपदों में भी रोशन कर रही है।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ. हीरा सिंह कुन्तल ने कहा स्वयं सेवियों के सहयोग से चल रहे चिकित्सा संस्थानों को मंदिर की तरह सम्मान और सहयोग देना चाहिए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र राणा ने कहा नेत्र शरीर का मुख्य अंग है। सृष्टि के रसास्वादन को नेत्र ज्योति की दुरुस्ती का काम करना श्रेष्ठ कार्य है। श्री गिरि गोवर्धन सेवा समिति के अध्यक्ष विष्णु रावत ने कहा कि गोवर्धन क्षेत्र में करोड़ों लोगों की नेत्र सेवा को स्थापित यह संस्थान उत्तर भारत के मरीजों की सेवा का केंद्र बनेगा। संस्था के महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि समाज में आखिरी पायदान पर बैठे नेत्र रोगी को समाधान देना संस्थान का उद्देश्य है। संस्थान के सचल वाहन 150 किलोमीटर क्षेत्र में अनवरत काम कर रहे हैं।

कार्यक्रम का संचालन सह सचिव निरुपम भार्गव ने किया। रोगियों को स्वल्पाहार करा घर तक छोड़ने आदि की व्यवस्था निदेशक शैलेन्द्र चतुवेर्दी के निर्देशन में सम्पन्न की गईं।

# श्रीमद् भागवत कथा श्रमण से होती हैं मोक्ष की प्राप्ति : अम्रता नन्द महाराज

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** तहसील क्षेत्र के गांव भगोसा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। भक्ति भाव से ओतप्रोत श्रद्धालु बैंड बाजे की धुनों व भजनों पर थिरकते हुए गांव की गलियों में निकले, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बन गया। कथा व्यास अम्रता नन्द महाराज कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रमण से मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। भागवत श्रवण प्रेतयोनि से मुक्ति मिलती है। भागवत भाव प्रधान और भक्ति प्रधान ग्रंथ है। भगवान पदार्थ से परे है, प्रेम के अधीन है। प्रभु को मात्र प्रेम ही चाहिए। अगर भगवान की कृपा दृष्टि चाहते हैं तो उसको सच्चाई की राह पर चलना चाहिए। भगवान का दूसरा नाम ही सत्य है। सत्यनिष्ठ प्रेम के पुजारी भक्त भगवान के अति प्रिय होते हैं। कलयुग में कथा का आश्रय ही सच्चा सुख प्रदान करता है। भागवत कथा ग्रंथ केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आत्मा के शुद्धिकरण का मार्गदर्शक है। उन्होंने भक्ति चरित्र व भक्ति के पुत्र ज्ञान और वैराग्य के माध्यम से मानव कल्याण की व्याख्या की।

कार्यक्रम के आयोजक मुकेश फौजदार, गज्जो चौधरी, राजू कुन्तल, राम खिलाड़ी, महेश चौधरी, सचिन, निर्भय चौधरी, लव चौधरी, हरिओम बाबा आदि शोभायात्रा में सामिल रहे।

# गोवर्धन की 40 में से 30 पंचायत टीवी रोग की हाई रिस्क में

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/अड़ींग।** गोवर्धन क्षेत्र की 40 में से तकरीबन 30 ग्राम पंचायत टीवी रोग संक्रमण को लेकर हाई रिस्क जोन में हैं। इसे लेकर शासन ने 100 दिवसीय टीवी उन्मूलन अभियान शुरू किया है। इसका पहला शिविर टीवी के रोगियों की अत्यधिक संभावना वाले गांव अड़ींग में शनिवार को लगाया गया। जिला अस्पताल के एक्सिरे टैक्नीशियनों ने अड़ींग स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर लोगों के एक्सिरे निकाल टीवी संकृरमण की संभावनाओं का पता लगाया।

कम्युनिटी हैल्थ आफिसर जेबा खान ने बताया कि शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान स्नेह लता रावत ने फीता काटकर किया। गोवर्धन सीएचसी के वरिष्ठ उपचार सहायक पंकज यादव ने बताया कि टीवी के पूर्व रोगियों के आंकड़ों का अध्ययन कर शासन ने गोवर्धन की 40 में से 30 ग्राम पंचायतों को हाई रिस्क में माना है। चिन्हित पंचायतों को टीवी मुक्त करना है। इसके लिए पहला शिविर अड़ींग में लगाया गया। यहां 180 लोगों के एक्सिरे किए गए। जिला चिकित्सालय मथुरा से आए टैक्नीशियनों ने एक्सिरे निकाले। इनकी जांच कर पता लगाया जाएगा कि कितने प्रतिशत लोग संक्रमित निकले।

उल्लेखनीय है कि प्रचार की कमी के चलते टीवी संभावित लोग कम पहुंचे। इसके चलते स्कूली बच्चियों ने ज्यादा एक्सिरे कराए। युवाओं व बुजुर्गों की रिपोर्ट का परीक्षण कर टीवी संक्रमण की संभावना का आकलन किया जाएगा। इसके अनुरूप ही लोग निदान की नीति बनाई जाएगी।

## कयी महीने में होगी जांच

100 दिवसीय टीवी उन्मूलन कार्यक्रम में 30 पंचायतों में जांच में ही कयी महीने लग सकते हैं। जानकारों की मानें तो स्वास्थ्य विभाग को हर गांव में स्क्रीनिंग शिविर लगाने से पहले व्यापक प्रचार-प्रसार करना चाहिए ताकि संक्रमण से संभावित लोग ज्यादा आएं। किसी भी एक पंचायत में शिविर होने के बाद उस पंचायत का नंबर दूसरी बार कयी महीने बाद आएगा।

# जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऋण-जमा अनुपात, वार्षिक ऋण योजना, प्राथमिक क्षेत्र में उपलब्धि तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को अगले तीन माह में वर्तमान ऋण-जमा अनुपात में पांच प्रतिशत की वृद्धि करने और कृषि मियादी ऋण को 40 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले संबंधित बैंक प्रबंधकों एवं सरकार की महत्वपूर्ण ऋण योजनाओं को बिना कारण लंबित रखने वाले बैंक अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर रिपोर्टिंग अधिकारी को पत्र प्रेषित करने के निर्देश लीड बैंक अधिकारी को दिए।

उन्होंने कहा कि जनपद में छोटे-छोटे व्यवसाय से जुड़े काश्तकार रहते हैं उन्हें नियमानुसार सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ ऋण उपलब्ध कराया जाए, उससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।जिलाधिकारी ने सभी बैंक अधिकारियों को सेवायोजन अधिकारी के साथ समन्वय करते हुए कैरियर काउंसलिंग शिविरों में प्रतिभाग करने, शिक्षा ऋण सहित अन्य स्कीमों की जानकारी देने तथा विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। समाज कल्याण अधिकारी को आधार सीडिंग के अवशेष आवेदनों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा डीडीओ को बैंक सखियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए।इसके साथ ही ग्राम सभा कर्मी एवं नामती चेटाबगड़ में बैंक शाखा खोलने की संभावना को लेकर सभी बैंकों को सर्वे कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। लीड बैंक अधिकारी सुखविंदर कादयान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सितंबर माह तक जनपद का ऋण-जमा अनुपात 25.88 प्रतिशत है। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वाहन मद में आठ आवेदनों में से छः तथा गैर-वाहन मद में छः आवेदनों में से दो आवेदनों पर ऋण वितरित किया गया है। शिक्षा ऋण के अंतर्गत 84 विद्यार्थियों को ऋण प्रदान किया गया है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी सहित सभी बैंकों के प्रबंधक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वाराणसी में मेगा एमएसएमई आउटरीच कैंप का आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी :-** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी द्वारा सात फरवरी शुक्रवार को डाफी स्थित एक होटल मे मेगा एमएसएमई आउटरीच कैंप का आयोजन किया गयो इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई)को वित्तीय सहायता प्रदान करना एवं बैंक की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था यह कार्यक्रम में अविनाश कुमार उप महाप्रबंधक केंद्रीय कार्यालय की गरिमामयी उपस्थिति रही उन्होंने उपस्थित ग्राहकों को औपचारिक बैंकिंग के माध्यम से अपने व्यवसाय को सशक्त एवं सतत रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई इसके पश्चात ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गयो इस आउटरीच कैंप के दौरान कुल 36.49 करोड़ रुपए की ऋण राशि स्वीकृत की गई जो सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का एमएसएमई क्षेत्र के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दशार्ता है कार्यक्रम के अगले चरण में बैंक अधिकारियों द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न एमएसएमई योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी दी गई इनमें सेंट बिजनेस,सेंट जीएसटी,सेंट होटल तथा सेंट संजीवनी जैसी प्रमुख योजनाएं शामिल थीं इन योजनाओं की विशेषताओं,लाभों एवं पात्रता मानदंडों के बारे में उपस्थित ग्राहकों और प्रतिभागियों को विस्तार से अवगत कराया गयो इस शिविर में बड़ी संख्या में उद्यमियों एवं हितधारकों ने भाग लिया और बैंक की इस पहल की सराहना की यह मेगा एमएसएमई आउटरीच कैंप क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने तथा आर्थिक विकास में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सक्रिय भूमिका को दशार्ता है ग्राहकों ने बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की।

## पार्टनरशिप में बड़ी ठगी, साढ़े नौ लाख रुपये हड़पे

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में पार्टनरशिप फर्म के नाम पर धोखाधड़ी कर साढ़े नौ लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ नंदग्राम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। नंदग्राम के सिहानी रोड निवासी अंकुर त्यागी ने बताया कि उन्होंने अपने पार्टनर विपुल गुप्ता के साथ मिलकर जनपद गौतमबुद्ध नगर में क्यूरा एलएलपी नामक फर्म की स्थापना की थी। फर्म का उद्देश्य स्वीमिंग पूल निर्माण का ठेका लेना और उससे संबंधित निर्माण सामग्री की खरीद करना था। फर्म के संचालन के लिए दोनों साझेदारों ने एक संयुक्त बैंक खाता खुलवाया, जिसमें दोनों की ओर से कुल 13 लाख रुपये जमा किए गए। आरोप है कि इसके बाद विपुल गुप्ता ने अंकुर त्यागी को बिना किसी जानकारी के संयुक्त खाते से रकम निकाल ली। इस धोखाधड़ी की जानकारी पीड़ित को तब हुई जब वह बैंक पहुंचे। जांच करने पर खाते से बड़ी धनराशि निकाले जाने का पता चला। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी भाभी मोनिका त्यागी की भी एक फर्म है, जो स्वीमिंग पूल निर्माण का कार्य करती है।

# विधायक ने किया राइकाके नवनिर्मित भवन का उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**कपकोट,** पीएमश्री स्व. पान सिंह गढ़िया राजकीय इंटर कॉलेज, कपकोट में तीन करोड़ दो लाख 62 हजार की लागत से बने नव-निर्मित भवन का स्थानीय विधायक सुरेश गढ़िया ने विधिवत उद्घाटन किया।विधायक गढ़िया ने विधिवत पूजन करते हुए कहा कि विद्यालय भवन निर्माण से विद्यार्थियों को पठन पाठन हेतु आधुनिक एवं सुव्यवस्थित भवन उपलब्ध होगा। छात्र-छात्राओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक सशक्त आधार बनेगा। बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं, अनुकूल शिक्षण वातावरण तथा आधुनिक संसाधनों के माध्यम से यह भवन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा प्रदान करेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कहा कि परियोजना न केवल शैक्षणिक अधोसंरचना को सुदृढ़ करती है, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की दिशा में एक दूरदर्शी और सराहनीय पहल भी है।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कपकोट भावना शाही, हरीश मेहरा ,खंड शिक्षा अधिकारी चक्षुपती अवस्थी, विद्यालय के प्रधानाचार्य बची लाल अध्यापकगण गंगा पांडे, गोपाल राम, जानकी कपकोटी,वरिस्ठ पत्रकार गणेश उपाध्याय, चंद्र सिंह कपकोटी,जनार्दन कोरंगा,तनुज तिरुवा,पूर्व प्रधान कैलाश दानू, प्रेमा ऐठानी,अंकित ऐठानी, हरीश कपकोटी आदि मौजूद थे।

## 42वीं शादी की वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था की पश्चिमी उत्तर प्रदेश महिला ब्रिगेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी एवं उनके पति व जिला संरक्षक डॉ. अजय त्यागी ने एक-दूसरे को माला पहनाकर अपनी 42वीं शादी की वर्षगांठ बड़े ही हर्षोल्लास और सादगीपूर्ण माहौल में मनाई। इस अवसर पर दोनों ने एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सम्मान और साथ निभाने के संकल्प को दोहराया।कार्यक्रम में संस्था के जिला प्रवक्ता एवं हापुड़ जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी तथा महिला ब्रिगेड की जिला सचिव प्राची खुल्लर ने दंपति को गिफ्ट भेंट कर उनके सुखद, स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की ईश्वर से कामना की। समारोह का वातावरण आत्मीयता और शुभकामनाओं से सराबोर रहा।इस मौके पर अवनी खुल्लर, अभीराज त्यागी, हिमायरा मनौचा, टिमटिम, गोविंद एवं अर्जन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने दंपति को बधाई देते हुए उनके दांपत्य जीवन की सराहना की।

## केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने विद्यार्थियों को दी संस्कारों की सीख, सैकड़ों छात्र-छात्राओं संग कुलाधिपति ने देखी फिल्म गोदान

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने रूपम टॉकीज, मथुरा में के.एम. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सैकड़ों छात्र-छात्रों के साथ ह्यगोदानह्न फिल्म देखी। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एवं नैतिक रूप से भी सशक्त बनाना रहा। फिल्म से छात्र-छात्राओं को सनातन धर्म में गौ माता के महत्व, सेवा, संरक्षण तथा भारतीय संस्कृति के मूल्यों की गहन जानकारी प्राप्त हुई। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व, करुणा, सेवा भावना एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया।

फिल्म अवलोकन के बाद कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का विकास भी उतना ही आवश्यक है। युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़कर ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने छात्रों से नैतिक मूल्यों को अपनाने और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस आयोजन से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और सामाजिक चेतना का विकास हुआ। केएम विश्वविद्यालय में कार्यरत डीन-प्रोफेसरों सहित स्थानीय नागरिकों एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं को सही दिशा देने वाला प्रयास बताया। यह कदम शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रबोध को जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है। विवि के कुलसचिव ने बताया गोदान फिल्म एक भावनात्मक यात्रा है, जो गाय के महत्व और उसके सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं को दशार्ती है। फिल्म की कहानी एक नायक और उसकी बछिया के बीच के अटूट रिश्ते को दिखाती है, जिसमें कोई स्वार्थ नहीं, सिर्फ प्यार है। यह फिल्म सिर्फ एक मनोरंजन फिल्म नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और गो संरक्षण का संदेश देने वाली है। केएम विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एमबीबीएस और सभी संकायों के छात्र व केएम विश्वविद्यालय के सभी सदस्य इस फिल्म का अवलोकन कर रहे है।

## गोवंश के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर छतारी थाना क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप गोवंश की सूचना पर बजरंग दल के कार्यकताओं ने जमकर काटा हंगामा गोकशी करने वाले आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ मधुप कुमार सिंह डिबाई और छतारी थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा तथा आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद बजरंग दल के कार्यकताओं ने हंगामा किया बंद पुलिस प्रशासन ने जांच कर कार्रवाई करने का दिया आश्वासन।

## माँ मंशा देवी मंदिर खरखौदा में भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न, यूपी उपाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा हुए शामिल



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**मेरठ/खरखौदा।** मेरठ जनपद के खरखौदा स्थित माँ मंशा देवी मंदिर में भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व ब्राह्मण संघ (उ.प्र.) भारत के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए।कार्यक्रम का आयोजन राजीव कुमार एवं रश्मि द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ भव्य रूप से कराया गया। मंदिर परिसर में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन एवं विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई।इस दौरान नगर में भव्य प्रभात फेरी एवं शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। पूरे मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## नाबालिक लड़की ने किया सुसाइड

बुलंदशहर पहासू थाना क्षेत्र के कस्बा पहासू में नाबालिक लड़की ने किया सुसाइड घर पर अपनी मां और भाई के साथ रहती थी नाबालिक लड़की घटना की जानकारी मिलते ही पहासू थाना पुलिस पहुंची मौके पर पहासू थाना पुलिस ने नाबालिक लड़की के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटना की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी पहासू थाना पुलिस सभी पहलुओं पर कर रही जांच पहासू थाने के कस्बा पहासू के लोधी नगर का मामला।

## उपाध्यक्ष व कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने मनरेगा चौपाल लगाकर 13 फरवरी को होने वाली पदयात्रा को सफल करने का किया आह्वान



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर शनिवार को विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर के जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव नूरपुर करनपुर में अंबेडकर भवन व ग्राम प्रधानों व पार्टी पदाधिकारी के साथ मनरेगा संग्राम चौपाल में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर चौपाल को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष व कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने 10 जनवरी से 25 फरवरी तक चल रहे कांग्रेस पार्टी के मनरेगा बचाव संग्राम अभियान के अंतर्गत 13 फरवरी को होने वाली 15 किलोमीटर की पदयात्रा को भव्य बनाने के लिए उपस्थित लोगों से एक जुट होकर सफल करने का आह्वान करते हुए भाजपा सरकार द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के संविधान पर आए दिन किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने भाजपा को किसान नौजवान पर प्रहार के बाद वर्तमान में मनरेगा में बदलाव कर मजदूरों की कमर तोड़कर संविधान को खत्म करने का आरोप लगाया उपाध्यक्ष व कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने कहा कि वर्तमान मनरेगा बदलाव के माध्यम से मजदूरों के साथ-साथ ग्राम प्रधान के अधिकारों को भी खत्म करने की साजिश है सभी ग्राम प्रधान व मजदूर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के साथ मिलकर आगामी 13 तारीख फरवरी को होने वाली मनरेगा बचाव संग्राम 15 किलोमीटर की पदयात्रा में जोड़कर भाजपा को उखाड़ फेंकने में अपना सहयोग प्रदान करें बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता बबलू कुरैशी व संचालन प्रमोद जाटव ने किया।

## चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में आजाद समाज पार्टी का डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान तेज




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पीपली जट एवं राजोपुर में आजाद समाज पार्टी द्वारा डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने माननीय सांसद चन्द्रशेखर आजाद के विचारों एवं पार्टी की नीतियों से ग्रामीणों को अवगत कराया तथा बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाई।जनसंपर्क अभियान में आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी मोहम्मद ताहिर, जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, जिला सचिव गोला भैया, जिला सचिव कृष्ण कुमार, सूफियान भाई, जुनैद भाई तथा आरिफ खुर्शीद सहित कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं ने घर-घर पहुंचकर लोगों से संवाद किया और पार्टी की नीतियों को जनहितकारी बताते हुए समर्थन की अपील की। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने भी उत्साह दिखाया और कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूती प्रदान की।

## मेडिएशन विफल फिर भी मुकदमा दर्ज नहीं,पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से लगायी न्याय की गुहार

**वाराणसी:-** महमूरगंज क्षेत्र की निवासिनी भावना जायसवाल ने विपक्षीगणों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज न होने पर गहरी नाराजगी और हताशा व्यक्त की है पीड़िता ने इस संबंध में शनिवार को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी को प्रार्थना पत्र देकर लगायी न्याय की गुहारे पीड़िता भावना जायसवाल पत्नी विवेक कुमार गुप्ता एवं पुत्री स्व.सुरेश प्रसाद जायसवाल वर्तमान में मकान संख्या एन- 15/189 देव नगर कॉलोनी बड़ी गैबी महमूरगंज थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी की निवासी हैं उन्होंने बताया कि 30 अगस्त 2025 को उन्होंने पुलिस आयुक्त कार्यालय में एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया थो प्रकरण को महिला प्रकोष्ठ एवं मेडिएशन सेंटर में भेजा गया जहां दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास किया गया किंतु मेडिएशन विफल रहा

# स्मार्ट सिटी को मिलीं 37 ई-बसें, लेकिन चालक और चार्जिंग स्टेशन के बिना खड़ी रहीं

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** शहर को स्मार्ट सिटी की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए गाजियाबाद को 37 इलेक्ट्रिक बसें तो मिल गईं, लेकिन परिवहन निगम की तैयारियों की पोल उस समय खुल गई, जब इन बसों के संचालन के लिए न तो पर्याप्त चालक उपलब्ध हैं और न ही चार्जिंग स्टेशन तैयार हो सके हैं। हालात यह हैं कि अधिकारी बसों के संचालन की तारीख पर तारीख दे रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर अब तक कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। परिवहन निगम ने करीब दो वर्ष पहले गाजियाबाद से अन्य शहरों के लिए 38 ई-बसों के संचालन की योजना बनाई थी। इनमें से जुलाई 2025 में 37 बसें प्राप्त हो चुकी हैं, लेकिन करीब सात महीने बीत जाने के बावजूद अब तक केवल 10 बसों का ही संचालन शुरू हो सका है। शेष 27 ई-बसें साहिबाबाद डिपो में खड़ी होकर धूल फांक रही हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि डिपो में अभी तक चार्जिंग स्टेशन तक नहीं बनाया जा सका है। ई-बसों के संचालन के लिए चालक भी बड़ी समस्या बने हुए हैं। प्रत्येक बस को चौबीसों घंटे चलाने के लिए कम से कम दो चालकों की आवश्यकता होती है, लेकिन 37 बसों के मुकाबले अब तक केवल 15 चालकों की ही भर्ती हो सकी है। फिलहाल न्यूनतम आवश्यकता के अनुसार भी हर बस के लिए एक चालक होना चाहिए, ऐसे में अभी भी 22 चालकों की कमी बनी हुई है। निगम चालक खोजने तक में नाकाम साबित हो रहा है। रूट निर्धारण को लेकर भी परिवहन निगम असमंजस की स्थिति में नजर आ रहा है। पहले 16 शहरों के लिए ई-बस रूट तय किए गए, फिर इन्हें घटाकर 12 शहरों तक सीमित कर दिया गया। इसके बावजूद चार्जिंग प्वाइंट उपलब्ध न होने के कारण चिह्नित रूटों पर बसों का संचालन शुरू नहीं हो सका। वर्तमान में केवल नजीबाबाद, मथुरा और मुरादाबाद के लिए तीन-तीन ई-बसों का संचालन किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी जल्द ही अलीगढ़, फरुर्खाबाद, आगरा और कासगंज के लिए बसें चलाने का दावा कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आ रही है। परिवहन निगम की योजना के अनुसार मुजफ्फरनगर के पुरकाजी, नजीबाबाद, कासगंज, एटा, अलीगढ़, आगरा और मथुरा में चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाने हैं। वहीं हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून में चार्जिंग की जिम्मेदारी निजी संस्थाओं को सौंपने की तैयारी है, जिसके लिए फिलहाल संस्थाओं की तलाश की जा रही है।



# किडजी मोदीनगर में किड्जी लर्नर्स गैलरी वॉक का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** किडजी मोदीनगर विद्यालय परिसर में शनिवार को ह्यकिडजी लर्नर्स गैलरी वॉक कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत नन्हे बच्चों की रचनात्मक सोच, कल्पनाशक्ति एवं सीखने की प्रक्रिया को अभिभावकों और समाज के समक्ष प्रस्तुत करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, स्थानीय नागरिक एवं शिक्षा जगत से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गैलरी वॉक के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई रंग-बिरंगी कलाकृतियां, शैक्षणिक मॉडल, चार्ट्स एवं क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी रचनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसे देखकर अभिभावक भावविभोर नजर आए। बच्चों की प्रस्तुति और आत्मविश्वास ने यह स्पष्ट किया कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में पेंटेमाइंड झ्र द लर्निंग माइंड्स के सहयोग से विशेष शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों की बौद्धिक क्षमता और तार्किक सोच को और मजबूत किया जा सके। इसके अतिरिक्त फन गेम्स, पतंग उड़ाने, स्नैक्स काउंटर और फोटो बूथ जैसी विशेष आकर्षणों ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी इन गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अनिल बंसल ने कहा कि किडजी का उद्देश्य केवल किताबी शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारना भी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सीखने की रुचि को बढ़ावा देते हैं। विद्यालय के प्रबंधक अनमोल बंसल ने बताया कि किडजी मोदीनगर आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से बच्चों को एक मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सहयोग ही ऐसे कार्यक्रमों की सफलता का आधार है। कार्यक्रम के दौरान रेफरल बेनिफिट्स, सिब्लिंग कंसेशन, बालिकाओं के लिए विशेष रियायत तथा एजुकेशन किट पर छूट संबंधी जानकारियां भी अभिभावकों को दी गईं, जिन्हें उन्होंने सराहना के साथ स्वीकार किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। अभिभावकों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि किडजी मोदीनगर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम उठा रहा है।इस अवसर पर प्रधानाचार्य तारिका माटा ,रीता वर्मा, स्नेहा, अंतिम शर्मा, फि जा जैदी, रितिका, गीता मेहरा, मृदुलिका भूषण, आशी गॉडफ्रे, स्वाति, जेसिका , राशि सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 03 शिकायतों का निस्तारण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 124 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम मोदीनगर अजीत कुमार, तहसीलदार रजत सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान शीघ्र और प्रभावी ढंग से किया जाए।

## बीबीए स्तर पर एमबीए जैसी उद्योग-आधारित शिक्षा की पहल, स्नातक विद्यार्थियों को मिलेगा कॉपोरेट प्रशिक्षण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उद्योग-समेकित प्रबंधन शिक्षा को नई दिशा देते हुए आई.टी.एस. मोहन नगर यूजी कैंपस ने केपीएमजी इंडिया सर्विसेज एलएलपी के साथ एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक सहयोग समझौता किया है। यह रणनीतिक साझेदारी स्नातक स्तर के विद्यार्थियों, विशेष रूप से बीबीए छात्रों को उद्योग-अनुकूल, व्यावहारिक और भविष्य-केंद्रित प्रबंधन शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर आई.टी.एस. संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि आई.टी.एस. अपने विद्यार्थियों को केवल वर्तमान की आवश्यकताओं तक सीमित नहीं रखता, बल्कि आने वाले दशक की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि आई.टी.एस. में उत्कृष्टता कोई लक्ष्य नहीं, बल्कि संस्थान की कार्य-संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। इस सहयोग की औपचारिक शुरूआत एलओई एक्सचेंज एवं ओरिएंटेशन प्रोग्राम के माध्यम से की गई, जिसके अंतर्गत केपीएमजी इंडिया सर्विसेज एलएलपी, आई.टी.एस. मोहन नगर यूजी कैंपस के साथ मिलकर पूर्णकालिक उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने वाला प्रमुख उद्योग साझेदार बनेगा। इस पहल के माध्यम से बीबीए विद्यार्थियों को वास्तविक कॉपोरेट वातावरण, उद्योग की कार्यप्रणालियों और पेशेवर कौशलों से परिचित कराया जाएगा, जिससे वे बदलती हुई व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को सक्षम बना सकें। बीबीए स्तर पर इस प्रकार का उन्नत, संरचित और उद्योग-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम अपने आप में एक अग्रणी पहल है, जो सामान्यतः पीजी या एमबीए स्तर पर ही उपलब्ध होता है। यह कदम आई.टी.एस. के बीबीए प्रोग्राम को प्रतिष्ठित संस्थानों के एमबीए पाठ्यक्रमों के समकक्ष स्थापित करता है और विद्यार्थियों को करियर के प्रारंभिक चरण में ही उच्च स्तरीय प्रबंधन शिक्षा का लाभ देता है। यह रणनीतिक सहयोग दोनों संस्थानों की उस साझा दृष्टि को दशार्ता है, जिसके अंतर्गत अनुभवात्मक शिक्षण, संगठित प्रशिक्षण और कॉपोरेट सहभागिता के माध्यम से उद्योग एवं उद्यमिता उन्मुख पेशेवरों का निर्माण किया जा सके। अकादमिक ज्ञान को वास्तविक व्यावसायिक प्रथाओं से जोड़ते हुए यह कार्यक्रम कक्षा शिक्षण और कॉपोरेट अपेक्षाओं के बीच की खाई को पाटने का प्रभावी प्रयास करेगा। समझौते के संपन्न होने पर आई.टी.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा तथा आई.टी.एस. मोहन नगर यूजी कैंपस की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) नैंसी शर्मा ने केपीएमजी इंडिया सर्विसेज एलएलपी के एसोसिएट डायरेक्टर्स सचिन शर्मा एवं हृदयांकुर देव शर्मा सहित उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अन्वेषण, प्रयोग, सीखने और विकास का यह अनूठा अवसर प्रदान करने के लिए केपीएमजी का धन्यवाद किया।

वहीं केपीएमजी के प्रतिनिधि मंडल ने भी आई.टी.एस. संस्थान के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, यूजी कैंपस की प्राचार्या तथा संकाय सदस्यों के सहयोग और दूरदर्शी शैक्षणिक दृष्टिकोण की सराहना की। इस अवसर पर आई.टी.एस. ग्रुप ऑफ एजुकेशन्स के वरिष्ठ अधिकारी एवं अध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

# निर्वाण फाउंडेशन ने पुलिस के परिवारों की स्वास्थ्य- सुरक्षा को लेकर डीजीपी को लिखा पत्र

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** प्रसिद्ध सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर ने शहीद मेजर आशाराम त्यागी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए बताया की उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी दिन-रात कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हुए कानून-व्यवस्था एवं जनसुरक्षा का दायित्व निभा रहे हैं। किंतु इस कठिन सेवा का सबसे बड़ा भार उनके परिवारजनों को वहन करना पड़ता है, जो निरंतर तनाव, असुरक्षा और उपचार संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं।इसी गंभीर विषय को लेकर निर्वाण फाउंडेशन द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश को जनहितकारी एवं नीतिगत सुझाव-पत्र प्रस्तुत किया गया है। यह सुझाव-पत्र ई-मेल के माध्यम से तथा उत्तर प्रदेश सरकार की जनसुनवाई प्रणाली के माध्यम से विधिवत प्रेषित किया गया है, ताकि विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। अपने सुझाव-पत्र में संस्था ने उत्तर प्रदेश पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों की स्वास्थ्य सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता को प्रमुखता से रेखांकित किया है। संस्था ने सभी पुलिस कर्मियों के परिवारजनों एवं समाज के जिम्मेदार नागरिकों से भी इस मानवीय विषय पर एकजुट होने की अपील की है, ताकि पुलिस बल के स्वास्थ्य एवं जीवन-सुरक्षा से जुड़ी यह आवाज और अधिक प्रभावी रूप से शासन-प्रशासन तक पहुँच सके।

# ओरा चिमेरा हत्याकांड की नए सिरे से जांच, किराया विवाद से आगे भी तलाश रही पुलिस

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित ओरा चिमेरा सोसायटी में 17 दिसंबर की रात महिला दीपशिखा शर्मा की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अब तक की प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह किराया मांगने को लेकर हुआ विवाद बताई जा रही थी, लेकिन मृतका के स्वजन इस तर्क से संतुष्ट नहीं हैं। उनका मानना है कि यह हत्या केवल किराए के विवाद का नतीजा नहीं, बल्कि इसके पीछे कोई और गंभीर वजह भी हो सकती है। स्वजनों की मांग पर पुलिस अब हत्याकांड के अन्य पहलुओं की भी नए सिरे से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा। पीड़ित उमेश शर्मा राजनगर एक्सटेंशन निवासी हैं और ओरा चिमेरा सोसायटी में उनके दो फ्लैट हैं। एक फ्लैट में वह स्वयं रहते हैं, जबकि दूसरे फ्लैट में अजय गुप्ता और आकृति गुप्ता नामक दंपती किराए पर रह रहे थे। बताया गया है कि कई महीनों से किराया न मिलने के कारण उमेश शर्मा की पत्नी दीपशिखा शर्मा किराए की मांग कर रही थीं। घटना वाले दिन अजय गुप्ता ने स्वयं उमेश शर्मा को फोन कर किराया लेने आने की बात कही थी। इसके बाद शाम करीब पांच बजे दीपशिखा शर्मा घरेलू कामगार के साथ किराएदार के फ्लैट पर गई थीं, लेकिन उस समय किराएदारों ने भुगतान करने से इनकार कर दिया। इसके बाद शाम करीब सात बजे दीपशिखा शर्मा अकेले दोबारा फ्लैट पर पहुंचीं, जहां आरोप है कि किराएदार दंपती ने उनकी हत्या कर दी और शव को सूटकेस में छिपा दिया। आरोपियों द्वारा शव को ठिकाने लगाने की तैयारी भी कर ली गई थी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षरता शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर तहसील सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के अध्यक्ष जिला जज विनोद कुमार रावत एवं सचिव संजय सिंह उपस्थित रहे। शिविर का संचालन अधिवक्ता विचित्र वीर द्वारा किया गया। शिविर के दौरान पैनल अधिवक्ता संजय मुदगल ने बताया कि आगामी 22 फरवरी को गाजियाबाद मुख्यालय पर मेघा कैम्प का आयोजन किया जाएगा। शिविर में वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चैक बाउन्स, वाणिज्यि विवाद, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, सम्पत्ति विवाद, बेदखली, भूमि अधिग्रहण व अन्य उपयुक्त दीवानी विवादों का निपटान आपसी सहमति से किया जाएगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अजित सिंह, तहसीलदार रजत सिंह, एसीपी भास्कर वर्मा, केस वर्कर गुंजन, सपना एडवोकेट, प्रमोद, रोहन, पीएलवी नीलम वर्मा, अनुराधा, जयश्री, जया कश्यप, राहुल कुमार, अमित सेनी, उमंग किशोर, सुजल, किर्ती सिंह आदि उपस्थिति रहे।

# रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का तंबू निर्माण एवं निरीक्षण के साथ समापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** मुल्तानी मल मोदी कॉलेज के तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का तंबू निर्माण एवं निरीक्षण के साथ समापन हो गया। तीन दिनों तक प्रशिक्षक महेश नेहरा ने स्काउट गाइड के इतिहास उसका महत्व एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। अंतिम दिन सभी रोवर्स रेंजर्स ने अपने अपने दलों का निर्माण किया उन्होंने विशेष विधियों और गांठों से अपने-अपने तंबू का निर्माण किया। तत्पश्चात निरीक्षण दल ने तंबुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने रोवर्स रेंजर्स से तंबू निर्माण एवं उनकी विशेषताओं से जुड़े प्रश्न किया। सभी दल के प्रमुखों ने अंत में निरीक्षण दल को धन्यवाद दिया। दल का नेतृत्व प्रभारी प्राचार्य प्रो नवेंद्र गौड़ कर रहे थे। दल में प्रो श्रवण नेहरा, डॉ अमन पाल सिंह, डॉ मनीषा बालियान, डॉ सुधीर यादव, डॉ अरुण कुमार सिंह, रविन्द्र सम्मिलित थे। शिविर के अंत में ध्वज उतार कर राष्ट्रगान के साथ विसर्जन कर दिया गया। इस अवसर पर रेंजर्स प्रभारी डॉ सुनीता सिरोही रोवर्स प्रभारी मंजीत विशाल राजपूत सतपाल आदि उपस्थित रहे।

## रील के लिए हैवानियत, छात्र को लाठी-बेल्ट से पीटते रहे आरोपी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मोदीनगर कोतवाली के पास एक छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसका वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर प्रसारित किए जाने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में तीन से चार आरोपी छात्र को लाठी और बेल्ट से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि एक अन्य आरोपी पूरे घटनाक्रम को मोबाइल फोन में रिकॉर्ड करता नजर आ रहा है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित यह वीडियो करीब 16 सेकेंड का बताया जा रहा है। वीडियो में एक छात्र कंधे पर स्कूल बैग लटकाए हुए दिखाई देता है, जिसे कुछ युवक दिल्ली-मेरठ मार्ग पर एक स्कूल के बाहर घेरकर बेरहमी से पीट रहे हैं। आरोपियों के हाथों में लाठी और बेल्ट हैं और छात्र पर लगातार ताबड़तोड़ वार किए जा रहे हैं। इस दौरान पास में खड़ा एक युवक पूरी घटना का वीडियो बनाता रहा।

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के चौथे दिन खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के चौथे दिन प्रतियोगिता अत्यंत रोमांचक रही। इस दिन 65 किलोग्राम यूथ ,जूनियर और सीनियर पुरुष वर्ग तथा 58 किलोग्राम महिला वर्ग (यूथ, जूनियर एवं सीनियर) की स्पधाओं में देशभर से आए खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और पूरे स्टेडियम में उत्साह का माहौल बना रहा। इस प्रतियोगिता में 65 किग्रा पुरुष सीनियर वर्ग के दो खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन विशेष रूप से देखने योग्य रहा। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

उल्लेखनीय है कि ये दोनों खिलाड़ी वर्तमान में वेटलिफ्टिंग वॉरियर अकादमी, मोदीनगर में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित श्री विजय शर्मा जी से नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव उनके प्रदर्शन में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इस अवसर पर परवीन कुमार जी स्पोर्ट्स ऑफिसर रेलवे बोर्ड और अतुल कुमार (विभाग प्रचारक, आरएसएस गाज़ियाबाद), दीपक त्यागी जी एवं राहुल चौहान (मैनेजिंग डायरेक्टर, एलिट सिटी सॉल्यूशन, नोएडा-मुरादनगर) ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। पूरी प्रतियोगिता का सफल संचालन द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित विजय शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है, जिससे आयोजन उच्च स्तर पर संपन्न हो रहा है। राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप का यह आयोजन युवाओं और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहा है तथा देश को नए प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।विशेष आकर्षणः इस प्रतियोगिता में 65 किग्रा पुरुष सीनियर वर्ग के दो खिलाड़ियों मुथु पांडी राजा एवं चारु पेसी का शानदार प्रदर्शन विशेष रूप से देखने योग्य रहा। दोनों खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

उल्लेखनीय है कि ये दोनों खिलाड़ी वर्तमान में वेटलिफ्टिंग वॉरियर अकादमी, मोदीनगर में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित श्री विजय शर्मा जी से नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव उनके प्रदर्शन में स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

## तीनों तहसीलों में प्रशासन ने दिखाई सक्रियता

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में मिले 240 शिकायतें, 16 का मौके पर निस्तारण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में शासनादेश के अनुरूप माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं दिशा-निदेशों के अनुसार सदर, लोनी और मोदीनगर तहसीलों में जनपद की जनता की समस्याओं का प्रत्यक्ष निस्तारण किया गया। सदर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें मौके पर 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्रभावी ढंग से किया जाए। लोनी तहसील में ज्वाईंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी दीपक सिंघनवाल की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से मौके पर 04 शिकायतों का समाधान किया गया। तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका और अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उनके मुद्दों को सुना और तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की। मोदीनगर तहसील में एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान 124 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 03 का मौके पर समाधान किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीएम मोदीनगर अजीत कुमार, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी और अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिक निस्तारण किया और लंबित मामलों की आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 240 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को यह निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता देकर उनकी समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने जनता से संवाद करते हुए उनके सुझाव और शिकायतें सुनी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का ट्रैक रिकॉर्ड रखा जाए और लंबित मामलों का निराकरण समयसीमा में किया जाए। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन ने यह संदेश दिया कि जनता की सेवा में देरी नहीं बरती जाएगी और सभी विभाग मिलकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे। कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए यह माना जा रहा है कि आगे भी ऐसे समाधान दिवस नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे जनता और प्रशासन के बीच दूरी कम हो और सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हो। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की सक्रिय निगरानी और अधिकारियों के समर्पण से जनपद की जनता को सरकारी सेवाओं का लाभ सीधे और समयबद्ध तरीके से मिल रहा है। कार्यक्रम ने जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को भी मजबूत किया और कार्यालयों में सक्रियता, पारदर्शिता और सेवा भाव को बढ़ावा दिया।



*सम्पूर्ण समाधान दिवस के समापन के बाद जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने तहसील सदर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली का जायजा लिया और अधिकारियों को सभी सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को यह भी स्पष्ट किया कि जनता के प्रति सेवा भाव बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान शीघ्र और प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय अभिलेखों की भी जांच की और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित और अद्यतन बनाए जाएं।*

## चुन-चुन कर भरे जा रहे सड़क के गड्ढे, नगर आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर की सड़कों को सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा गड्ढा-मुक्ति अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। नगर निगम का निर्माण विभाग मुख्य सड़कों के साथ-साथ आंतरिक मार्गों पर भी निरीक्षण कर चुन-चुन कर छोटे से छोटे गड्ढों को भरने का कार्य कर रहा है, ताकि समय रहते उन्हें बड़ा होने से रोका जा सके। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माण विभाग के अधिकारियों और टीम को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निगम की सड़कों को पूर्ण रूप से गड्ढा-मुक्त रखा जाए। उन्होंने कहा कि छोटे गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल भरा जाए, जिससे भविष्य में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इंदिरापुरम, मोहन नगर,



वसुंधरा, विजयनगर, कवि नगर सहित सिटी जोन में निर्माण विभाग की टीमें लगातार अभियान चला रही हैं। ग्रैप के चलते प्लांट बंद होने की स्थिति में भी नगर निगम ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए सड़कों की मरम्मत कार्य को बाधित नहीं होने दिया है। निर्माण कार्य की प्रक्रिया के तहत पहले गड्ढों को ग्रेन्यूलर सब-बेस (जीएसबी) से भरा जा रहा है, उसके बाद तारकोल मिक्स मटेरियल का प्रयोग कर सड़क की सतह को समतल किया जा रहा है। मुख्य अभियंता निर्माण ने बताया कि प्लांट बंद रहने की दशा में रेडी मिक्स बैग में उपलब्ध तारकोल मटेरियल का उपयोग कर प्रमुख सड़कों को गड्ढा-मुक्त बनाया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से यह अभियान लगातार जारी है, जिसमें बड़े गड्ढों के साथ-साथ छोटे गड्ढों को भी विशेष ध्यान देकर भरा जा रहा है। नगर निगम द्वारा पॉटहोल पैचिंग मशीन की मदद से भी तेजी से मरम्मत कार्य किया जा रहा है। मुख्य मार्गों के अलावा आंतरिक सड़कों पर मैन्युअल और आधुनिक उपकरणों के माध्यम से गड्ढा-मुक्ति अभियान प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

## फोन कॉल के बहाने घर से बुलाकर की बेरहमी से पिटाई

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र के मोरटी इलाके में किराये के मकान पर रह रहे एक युवक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मूल रूप से संभल जिले की गुन्नौर तहसील के धनारी थाना क्षेत्र स्थित मुडैना गांव निवासी पुष्पेंद्र ने बताया कि वह अपने ताऊ के बेटे मदनलाल के साथ मोरटी में किराये पर रहते हैं।

## केवाईसी अपडेट के नाम पर साइबर ठगी, खाते से 53 हजार उड़ाए

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों ने केवाईसी अपडेट के नाम पर एक व्यक्ति से 53 हजार रुपये की ठगी कर ली। भोवापुर निवासी पीड़ित व्यक्ति ने साइबर अपराध शाखा में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना 25 जनवरी की बताई जा रही है। भोवापुर निवासी अजीत कुमार चौरसिया ने बताया कि दोपहर करीब बारह बजे वह अपने मोबाइल फोन पर संदेश देख रहे थे। इसी दौरान उन्हें भारतीय स्टेट बैंक के योनो बैंकिंग समूह के नाम से एक संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें लिखा था कि उनके बैंक खाते का केवाईसी अद्यतन नहीं है और यदि समय रहते दस्तावेज जमा नहीं किए गए तो रात में उनका खाता बंद कर दिया जाएगा। संदेश में दिए गए लिंक पर क्लिक करने के बाद उन्होंने अपनी व्यक्तिगत जानकारी दर्ज कर दी। इसके पश्चात उनसे एक बार उपयोग होने वाला गुप्तांक डालने के लिए कहा गया, लेकिन मोबाइल में इंटरनेट की गति धीमी होने के कारण गुप्तांक लगभग आधे घंटे बाद प्राप्त हुआ। इस दौरान उन्होंने दो-तीन बार लिंक पर पुनः क्लिक किया। इसी बीच एक अज्ञात नंबर से उनके पास फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को बैंक से जुड़ा बताते हुए कहा कि बैंक के सर्वर में समस्या के कारण केवाईसी प्रक्रिया में देरी हो रही है और कुछ समय बाद पुनः प्रयास करने की सलाह दी। जैसे ही फोन कॉल समाप्त हुई और पीड़ित ने गुप्तांक दर्ज किया, उसी समय उनके मोबाइल पर संदेश आया कि उनके बैंक खाते से 53 हजार रुपये निकाल लिए गए हैं।

ठगी का एहसास होते ही पीड़ित ने तुरंत साइबर अपराध शाखा को सूचना दी। पुलिस द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कर ली गई है। इस संबंध में इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जिस खाते में धनराशि स्थानांतरित की गई है, उसकी जानकारी जुटाई जा रही है। साइबर अपराधियों तक पहुंचने के लिए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।



## दूसरे दिन के अंतिम सेशन में सतीश कुमार द्वारा आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव पर चर्चा की गई

वेलकम इंडिया

**गाजियबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ० प्र० लखनऊ के निदेशानुसार एम आई टी संस्थान में आयोजित वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ सत्र के दूसरे दिन आज दिनांक 7/02/2026 को प्रशिक्षण से पूर्व श्री नीरज चक, उपनियंत्रक के साथ सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने ₹इतनी शक्ति हमें देना दाता₹ सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना गायी। तत्पश्चात सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार द्वारा पहले सेशन में ₹बचाव की आपातकालीन विधियां₹ के बारे में बताया गया₹ और प्रशिक्षणार्थियों को अभ्यास कराया गया। दूसरे सेशन में मास्टर योगा ट्रेनर आयुष विभाग गौरव त्यागी द्वारा ₹स्ट्रेस मैनेजमेट₹ के बारे समझाया गया और कार्यक्षेत्र में ब्रेक में किए जाने वाले योग भी कराए गए। दूसरे दिन के अंतिम सेशन में सतीश कुमार द्वारा आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव ₹ पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल, स्टाफ अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, शरीफ अहमद, वसीम अख्तर, वसीम अंसारी, डॉ शफीक आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।



## दुष्कर्म मामले में 14 वर्ष बाद आरोपी को उम्रकैद की सजा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र के शालीमार गार्डन में सात वर्षीय दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में 14 वर्ष बाद विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) अनिल कुमार ने दरिंदे रियासत को उम्रकैद की सजा सुनाई। सजा सुनाते समय अदालत ने कहा कि सामाजिक हित को दृष्टिगत रखते हुए कठोर दंडादेश पारित करना चाहिए। जिससे समाज में पनप रहे ऐसे दरिंदों से नारी की अस्मिता को संरक्षित रखा जा सके। शालीमार गार्डन में पीड़ित परिवार झुग्गी में रहता था। सात अगस्त 2012 की रात को सात वर्षीय बच्ची अपनी तीन बहन, एक भाई और मां के साथ झुग्गी के बाहर सो रही थी। रात में युवक सात वर्षीय बच्ची को उठाकर झुग्गी के अंदर ले गया। आरोपित ने बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूस दिया और उसके हाथ बांध दिया। युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। कुछ देर बाद बच्ची बच्ची के चिल्लाने की आवाज आई तो बड़ी बहन झुग्गी के अंदर पहुंची। बच्ची रो रही थी और उसके निजी अंग से रक्तस्राव हो रहा था। स्वजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में बच्ची नौ दिन तक भर्ती रही। पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गई थी। अस्पताल से आने के बाद बच्ची ने आरोपित युवक को जूस बेचते हुए देखा। बच्ची ने स्वजन को बताया कि जूस बेचने वाले ने दुष्कर्म किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया।

## इंदिरापुरम की 60 फुटा रोड बनी हादसों का रास्ता, गड्ढों और जलभराव से लोग परेशान

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम के नीति खंड-एक स्थित 60 फुटा रोड पर हाथी पार्क के समीप गहरे गड्ढों और जलभराव ने स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सड़क की बदहाली के कारण आए दिन वाहन चालक और राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। बीते करीब छह माह से लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से यहां नाला निर्माण का कार्य चल रहा है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में वकीलों और भाकियू के बीच भिड़ंत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उस समय हंगामे में बदल गया, जब वकीलों और भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के बीच टकराव की स्थिति बन गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर झड़प और धक्कामुक्की हुई, जिससे तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हालात बिगड़ते देख शिकायतकर्ता भयभीत होकर तहसील सभागार से बाहर निकल गए। करीब बीस मिनट तक दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की चलती रही, जबकि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई पुलिस बल तहसील परिसर में मौजूद नहीं था। सबसे चिंताजनक स्थिति यह रही कि उपजिलाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में ही यह टकराव होता रहा, लेकिन स्थिति को तत्काल नियंत्रित नहीं किया जा सका। जानकारी के अनुसार, भाकियू पदाधिकारी मिट्टी के अवैध खनन की शिकायत को लेकर अधिकारियों को घेरकर अपनी बात रख रहे थे। इसी दौरान बार एसोसिएशन मोदीनगर के सचिव पर दर्ज मुकदमे के विरोध में बड़ी संख्या में वकील तहसील सभागार पहुंच गए। भाकियू पदाधिकारियों द्वारा वकीलों से बाद में शिकायत देने की बात कहे जाने पर वकीलों का गुस्सा भड़क गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

स्थिति और बिगड़ते हुए वकील तहसील सभागार में ही धरने पर बैठ गए। हालात को संभालने के लिए प्रशासन को आनन-फानन में कदम उठाने पड़े।




## वेव सिटी से तीन युवकों के पास से तीन देसी पिस्टल बरामद

**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रांच ने वेव सिटी इलाके में कार सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन देसी पिस्टल बरामद हुई हैं। पुलिस का मानना है कि इनकी गिरफ्तारी से बड़े हथियार रैकेट का खुलासा हो सकता है। सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमित सक्सेना ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ऋषिक त्यागी, पवन कुमार और आदित्य राय हैं। शुक्रवार रात पुलिस वेव सिटी इलाके में इकला गांव के पास चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान तीनों युवकों के पास से तीन देसी पिस्टल बरामद हुईं।

## बिजली व्यवस्था को मिलेगी मजबूती, तीन नए विद्युत उपकेंद्रों का प्रस्ताव तैयार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। बिजनेस प्लान 2026-27 के अंतर्गत गाजियाबाद जिले में तीन नए विद्युत उपकेंद्रों के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी गई है। इन उपकेंद्रों के स्थापित होने से आने वाले समय में कई क्षेत्रों को बिजली संकट से राहत मिलने की उम्मीद है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जोन-प्रथम के अंतर्गत अकबरपुर-बहरामपुर और गिरधरपुर क्षेत्रों में नए बिजली घर बनाए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। दोनों उपकेंद्रों की क्षमता 10-10 मेगावोल्ट एम्पियर निर्धारित की गई है, जिनमें पांच मेगावोल्ट एम्पियर क्षमता के दो-दो ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। वहीं जोन-द्वितीय के अंतर्गत लोनी क्षेत्र के सेवाधाम में भी 10 मेगावोल्ट एम्पियर क्षमता वाले एक नए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। मुख्य अभियंता जोन-द्वितीय नरेश कुमार भारती ने बताया कि सेवाधाम उपकेंद्र का प्रस्ताव बिजनेस प्लान 2025-26 में भी भेजा गया था, लेकिन उस समय निश्शुल्क भूमि उपलब्ध न होने के कारण इसे स्वीकृति नहीं मिल सकी थी। इस वर्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा निश्शुल्क भूमि का आवंटन कर दिए जाने के बाद प्रस्ताव को दोबारा शासन को भेजा गया है, जिससे इसके स्वीकृत होने की संभावना काफी बढ़ गई है। अधिकारियों के अनुसार एक विद्युत उपकेंद्र के निर्माण में लगभग सात से आठ करोड़ रुपये तक की लागत आती है। उपकेंद्रों के स्थापित होने से अकबरपुर-बहरामपुर, गिरधरपुर और सेवाधाम क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी और गर्मियों के दौरान होने वाली बार-बार की बिजली कटौती से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।



## बालिका विद्यालय में कक्षा बारहवीं की छात्राओं को भावभीनी विदाई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में शनिवार को कक्षा बारहवीं की छात्राओं के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय की हेड गर्ल एवं प्रधानाचार्या द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिसके साथ ही कार्यक्रम का वातावरण उल्लास और उत्साह से भर गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने कक्षा बारहवीं की छात्राओं के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, गीत एवं अन्य प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से छात्राओं को अलग-अलग उपाधियों से सम्मानित किया गया। 'मिस ठाकुरद्वारा का खिताब नंदिनी शर्मा को प्रदान किया गया, जबकि 'मिस ऑलराउंडर का सम्मान रिया को मिला। 'मिस एनर्जेटिक का पुरस्कार रानी को दिया गया और 'मिस ब्यूटीफुल का खिताब सामिया चौधरी को प्राप्त हुआ। 'मिस क्लासी आयेषा रहीं, 'मिस प्रिटी प्रियांशी बनीं तथा 'मिस फैशनिस्टा का खिताब निकिता को प्रदान किया गया। वहीं 'मिस ग्रेसफुल का सम्मान प्रेरणा पांडे को मिला और 'मिस फोटोजेनिक की उपाधि हिमांशी को दी गई। समारोह में 'बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का प्रतिष्ठित पुरस्कार अलिशा सिंह सोम को प्रदान किया गया।

